

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 19 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-09 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-350 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

छग कांग्रेस में फिर फूटा लेटर बम

# कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल ने किया पार्टी फंड से करोड़ों का गबन

» पूर्व संगठन मंत्री सिसोदिया ने बैज को लिखा पत्र
» विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को पार्टी फंड से दिए 5 करोड़ 89 लाख

रायपुर,19 मार्च

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में आंतरिक घमासान जारी हैं. विधानसभा चुनाव में प्रदेश


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

की सत्ता हाथ से जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने अपने ही नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली थी. इस के बाद अब एक बार फिर लेटर बम सामने आ गया है. इस बार पूर्व संगठन महामंत्री अरुण सिसोदिया ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल पर पार्टी फंड से 5 करोड़ 89 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है. इसके


रामगोपाल अग्रवाल

साथ ही उन्हें पार्टी से बाहर करने की भी मांग की है. पूर्व संगठन महामंत्री अरुण सिसोदिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को लिखे पत्र में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने अपने मित्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मौडिया लैब गाजियाबाद को 5 करोड़ 89 लाख रूपये प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रभारी महामंत्री की जानकारी के बिना और अनुमति के भुगतान किया गया है. जबकि कोषाध्यक्ष को कार्यादेश जारी करने की अनुमति नहीं है. पार्टी बायलोज के अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी में प्रस्ताव लाकर पास करना आवश्यक है और प्रदेश अध्यक्ष के नोट शीट ऐपुवल लिया जाना जरूरी है.

अरुण सिसोदिया ने पत्र के माध्यम से


अरुण सिसोदिया

कार्यकर्ताओं का दर्द बयां करते हुए कहा कि सरकार आने के बाद भी संगठन को किसी प्रकार आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता था. हमारे द्वारा कई बार बैठक में और प्रभारी कुमारी सैलजा से अनुरोध करने के बावजूद ब्लाक अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को संगठन के कार्य करने 5-10 हजार रूपये तक नहीं दिया गया पर अपने परिवार के लोगों को एक कमरे में बैठकर कार्यादेश और गवाह निजी लोगों को बनाकर भुगतान कर दिया गया.

### मनमानी करने वाले गिरोह को पार्टी से करें बाहर

अरुण सिसोदिया ने पीसीसी चीफ से सरकार और सगठन में मनमानी करने वाले गिरोह को पार्टी से बाहर किये जाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि हार के जिम्मेदार लोगो को सक्रिय राजनीति व पार्टी से दूर रखा जाए तभी पाटी का उत्थान संभव है.

### लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस में हड़कंप

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है. बीते कुछ महीनों से पार्टी की अंतर्कलह खुलकर सामने आ सामने आ रही है. विधानसभा चुनाव में हार से नाराज कई नेता और कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन छोड़ दिया है. इस बीच बीते दिनों पूर्व सीएम और राजनांदगांव लोकसभा सीट से उम्मीदवार भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा ऐप मामले में प्रोटेक्शन मनी के तौर पर 508 करोड़ रुपए लेने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी. जिसके बाद बीजेपी इसे लेकर भूपेश बघेल और कांग्रेस को लगातार टारगेट कर रही है. वहीं, अब पार्टी के ही नेता ने रामगोपाल अग्रवाल पर गबन का आरोप लगा हैं. अब देखना होगा कि पार्टी इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई करती है. कल ही राजनांदगांव में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र दाऊ ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में सभा संबोधित करते हुए कांग्रेस शासन में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया था.

## इलेक्टोरल बाँड से किसे किससे मिला कितना दान, यह बताने को कांग्रेस समेत कई दल तैयार

**नई दिल्ली,19 मार्च.** इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत किस कारोबारी घराने या शख्स ने किस दल को कितनी रकम दान की है। इसका भी खुलासा करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। इस बीच भाजपा ने नियम का हवाला देते हुए कहा है कि किसने किस दल को डोनेशन दी है, यह जानकारी देना ठीक नहीं होगा। वहीं छोटे दल अब इस तैयारी में जुटे हैं कि इसकी डिटेल दे दी जाए। इनमें से ही एक पार्टी डीएमके का कहना है कि वह उन डोनर्स से बात कर रही है, जिनसे उसे रकम मिली थी। पार्टी की ओर से उन लोगों से डिटेल मांगी जा रही है, जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दान किा था। यह जानकारी जुटा लेने के बाद चुनाव आयोग को दी जाएगी और फिर वह वेबसाइट पर अपलोड करेगा। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने चुनावी बॉन्ड्स के जरिए अप्रैल 2019 से नवंबर 2023 तक 656 करोड़ रुपये की रकम हासिल की थी। इसमें से 509 करोड़ रुपये की बड़ी रकम तो उसे अकेले फ्यूचर गेमिंग से ही मिल गई थी। इस बारे में चुनाव आयोग को एक लेटर लिखकर डीएमके ने जानकारी दी है। डीएमके ने बताया, इस स्कीम के तहत डोनेटर का नाम उजागर करने की जरूरत नहीं है। फिर भी हमने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अपने डोनर्स से संपर्क साधा है और उनसे पूरी जानकारी लेने के बाद साझा किया जाएगा।



इसी तरह कर्नाटक की पार्टी जेडीएस का भी कहना है कि वह उन लोगों की डिटेल जल्दी ही चुनाव आयोग को देगी, जिन्होंने उसे इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत डोनेट किया है। लेकिन भाजपा का कहना है कि डोनेटर्स का नाम उजागर करना नियम के खिलाफ होगा। इनके अलावा समाजवादी पार्टी, एआईएडीएमके , एनसीपी, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, जेडीयू, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट जैसे दलों ने चुनाव आयोग को बताया है कि उन्हें कितनी रकम किससे मिली है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा चुनाव आयोग को दिया है। इस डेटा को आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है, लेकिन इस बात को लेकर सवाल उठ रहा है कि आखिर यह जानकारी क्यों नहीं दी गई कि किस संस्था ने किस दल को कितनी रकम डोनेट की है।

## संक्षेप

### आईपीएस उदित पुष्कर की जिम में बिगड़ी तबीयत

**जगदलपुर 19 मार्च।** आईपीएस उदित पुष्कर की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गयी है। 36 साल के आईपीएस उदित



पुष्कर अभी जगदलपुर के सीएसपी हैं। अभी उनका कुछ टेस्ट होना बाकी है, जिसके बाद ही डाक्टर ये बता पायेंगे, कि आखिर आईपीएस उदित के तबीयत बिगड़ने की वजह क्या है। हालांकि जिस तरह के सिम्टम थे, उससे पहले हार्ट अटैक की आशंका जतायी जा रही थी, लेकिन फिलहाल डाक्टर टेस्ट के बाद ही कुछ कह पाने की स्थिति में है। 2021 बैच के आईपीएसउदित पुष्कर को जिम करने के दौरान बैचेनी और घबड़ाहट के साथ चेस्ट में पेन महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें बस्तर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। आईपीएस के तबियत बिगड़ने की सूचना पर जिले के शीर्ष अधिकारी और आईजी तुरंत ही अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना। अभी फिलहाल उदित पुष्कर की तबीयत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक उदित पुष्कर आज ही रायपुर रेफर किया जा सकता है, जहां उनका पूरा टेस्ट किया जायेगा। जानकारी के मुताबिक आईपीएस उदित जिम कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें चेस्ट पेन की शिकायत हुई, जिसके बाद वो क्वार्टर वापस लौट आये, लेकिन जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी, तो रात करीब 11 बजे उन्हें जगदलपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। रात भर इलाज के बाद रायपुर रेफर किया जा सकता है।

### क्लर्क की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

**बलरामपुर,19 मार्च.** वाड्रफनगर तहसील में पदस्थ क्लर्क की संदिग्ध अवस्था में जंगल किनारे लाश मिली है. लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. ये घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी की है. जानकारी के अनुसार, वाड्रफनगर पुलिस चौकी के राजखेता ग्राम के पास जंगल किनारे सुबह एक लाश मिली. जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो घटना की जानकारी वाड्रफनगर पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे. मृतक की पहचान वाड्रफनगर तहसील में पदस्थ क्लर्क फुलकेवर उम्र लगभग 60 वर्ष के रूप में हुई है. वहीं मृतक का मोबाइल भी घटना स्थल से गायब है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. परिजनों के आने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजवाएगी.

### डीएम अवस्थी एसीबी-ईओडब्लू के अतिरिक्त प्रभार से हुए मुक्त

**रायपुर,19 मार्च.** पुलिस मुख्यालय में ओएसडी डीएम अवस्थी ईओडब्ल्यू-एसीबी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किए गए. आईपीएस अमरेश मिश्रा को ईओडब्ल्यू-एसीबी चीफ बनाए जाने के बाद से राज्य शासन ने डीएम अवस्थी को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है. हालांकि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 मार्च को आदेश जारी कर दिया था. बता दें कि रिटायर्ड डीजीपी डीएम अवस्थी को पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने संविदा नियुक्ति देते हुए एसीबी और ईओडब्ल्यू में पुलिस महानिदेशक बनाया था. जिसके बाद मौजूदा विष्णुदेव सरकार ने इसी महीने 11 मार्च को नई नियुक्ति करते हुए 2005 बैच के आईपीएस अमरेश मिश्रा को एसीबी और ईओडब्ल्यू का नया चीफ बनाया.



## दक्षिण का किला भेदने के मिशन पर पीएम मोदी

**त्रिवेन्द्रम,19 मार्च.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार, 19 मार्च को केरल के पलक्कड़ जिले में एक रोड शो किया। रोड शो सुबह 10:45 बजे कोट्टामैदान अन्चुविलक्कू से शुरू हुआ, जो शहर के मुख्य डाकघर की ओर बढ़ा। मोदी के रोड शो से पहले भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार शाम कस्बे में बाइक रैली निकाली। मोदी का पलक्कड़ रोड शो 15 मार्च को पथानामथिट्टा शहर में एक सार्वजनिक बैठक में उनकी हालिया भागीदारी के बाद हुआ, जहां उन्होंने दक्षिणी केरल निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे एनडीए उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाया। मोदी लगातार तीन दिन से दक्षिण के दौरे पर हैं।



पलक्कड़ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार कृष्णकुमार ने कहा कि मैं ये चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। यहां पीएम मोदी के दौरे को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हम राज्य में दो अन्य (राजनीतिक) मोर्चों से काफी आगे हैं। इस बार केरल में बदलाव होगा और यह नतीजों में दिखेगा। प्रधानमंत्री ने इस साल कई बार दक्षिणी राज्य का दौरा किया। उन्होंने केरल के प्रसिद्ध मंदिरों का भी दौरा किया है। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के शिवमोग्गा और तमिलनाडु के कोयंबटूर का दौरा किया। पीएम मोदी ने राज्य की कांग्रेस शासित सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, 'कांग्रेस नेता केवल सफेद झूठ बोलने में सक्षम हैं। कर्नाटक कांग्रेस में कई सीएम पद के दावेदार हैं जो अपनी अक्षमता के लिए मोदी और केंद्र सरकार को दोषी ठहराते रहते हैं... कर्नाटक के लोगों के लिए इस आम चुनाव में राज्य से कांग्रेस का सफाया करने और उसे साफ करने का सही समय आ गया है।' प्रधानमंत्री ने सोमवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में 1998 के विस्फोटों के पीड़ितों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम उस वक्त शहर में रोड शो कर रहे थे। प्रधानमंत्री का रोड शो मेट्टुपालयम रोड में साईबाबा मंदिर के पास शुरू हुआ और आरएस पुरम में समाप्त हुआ।

### नग्न अवस्था में मिली युवक की लाश

**महासमुंद,19 मार्च.** जिले एक युवक की दरिंदगी हत्या का मामला सामने आया है. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव नांदगांव में एक 24 वर्षीय युवक की नग्न अवस्था में लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फ़ैल गई है। अज्ञात हत्यारों द्वारा की गई है हत्या। मामले की जांच पड़ताल में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस। बता दें ग्राम के बच्चों ने लाश देखी और मामले की जानकारी गांव के कोटवार को दी गई। कोटवार ने मामले की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु डीएसओ मोनिका श्याम, एसडीओपी त्रिपाठी, एस आई मिश्रा पूरी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे।

## बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट ने थमाया अवमानना का नोटिस



**नई दिल्ली,19 मार्च.** सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह बाद कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के कथित भ्रामक विज्ञापन को लेकर यह आदेश सुनाया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी योगगुरु रामदेव को नोटिस जारी कर कोर्ट में बुलाया था। कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर बालकृष्ण और योगगुरु रामदेव से जवाब मांगा था। इसके अलावा सुपरीम कोर्ट ने संस्था के विज्ञापन प्रकाशित करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल कर कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापन झूठा दावा करने वाले और भ्रामक हैं। दरअसल पतंजलि आयुर्वेद ने कोर्ट को अंडरटेकिंग दी थी और इसके बावजूद विज्ञापन छपवाया। ऐसे में जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए रामदेव और एमडी आचार्य बालकृष्ण से जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने हाजिर होने का आदेश दे दिया और अवमानना का नोटिस भी थमा दिया। पतंजलि के विज्ञापनों में बाबा रामदेव की तस्वीर भी लगी थी। ऐसे में कोर्ट ने उन्हें भी पार्टी बनाया और पूछा कि आखिर उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों ना शुरू की जाए? कोर्ट ने कहा, पतंजलि के विज्ञापनों को हमने देखा। कोर्ट में दिए गए अंडरटेकिंग को देखते हुए आचार्य रामदेव को बताना चाहिए कि आखिर उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों ना शुरू की जाए। उन्होंने ड्रग्स ऐंड मैजिक रेमेडीज ऐक्ट 1954 का भी उल्लंघन किया है। इस कानून का सेक्शन 3 ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, अर्थराइटिस, अस्थमा जैसे रोगों को जड़ से खत्म करने के प्रचारों पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं पतंजलि की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि पतंजलि से बाबा रामदेव का कोई लेना देना नहीं है। कोर्ट को उनकी बात सुननी चाहिए। इसपर बेंच ने कहा, बाबा रामदेव ने हमारे आदेश के बाद भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

## प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही कांग्रेस: किरण सिंहदेव

**रायपुर,19 मार्च.** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किये जाने पर भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक उंगली बीजेपी की तरफ करती हैं तो तीन उंगली कांग्रेस की तरफ उठता है. कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है. ये कांग्रेस के लिए चिंतन का विषय है. इसके साथ ही किरण सिंहदेव ने प्रदेश के पांच संभागों में कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस पर निशाना साधा है. छत्तीसगढ़ बीजेपी के सहप्रभारी नितिन नबीन तीन दिनों के दौरे पर रहेंगे. नितिन नबीन के दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि सभी कमेटियों की बैठक क्रमवार होगी. आगामी रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी. कार्यकर्ता सम्मेलन प्रदेश भर में तेज गति से चल रहा है. 5 वर्षों में जो विकास के कार्य ठप पड़े थे वो चालू हो गया है. सभी कार्यकर्ता लोकसभा की दृष्टि से कार्य कर रहे हैं.



पांच संभागों में कांग्रेस की प्रेस वार्ता पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि कांग्रेस जिस मुद्दे को लेकर प्रेस वार्ता कर रही है. उसमें परेशानी क्या है, अच्छी प्रक्रिया है. सबको मालूम रहेगा किस पार्टी को कौन कितना सहयोग कर रहा है.

## सुबह-सुबह एनकाउंटर में 4 नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली,19 मार्च.** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मंगलवार सुबह बड़ी मुठभेड़ हुई है. नक्सलियों के खिलाफ एक्शन में महाराष्ट्र पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है और एनकाउंटर के दौरान 4 नक्सली मारे गए हैं. बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बड़ा नक्सल ग्रुप लोकसभा चुनावों में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गढ़चिरौली के जंगलों में छिपा है. इस जानकारी के बाद महाराष्ट्र पुलिस की स्पेशल सी-60 कमांडो और सीआरपीएफ के कमांडो ने जंगली इलाके में ऑपरेशन शुरू किया. काफी देर देर तक नक्सली और पुलिस के बीच एनकाउंटर चला. बाद में पुलिस ने मौके से 4 नक्सलियों के शव बरामद किए. इस दौरान पुलिस ने नक्सलियों के पास से एके 47 राइफल समेत कई हथियार जब्त भी किए.बताया जा रहा है कि मारे गए इन चारों नक्सलियों के ऊपर 36 लाख रुपए का इनाम रखा गया था. फिलहाल, पुलिस ने इन नक्सलियों की पहचान उजागर नहीं की है. गौरतलब है कि गढ़चिरौली महाराष्ट्र का सबसे अधिक नक्सल प्रभावित इलाका है. बता दें कि इससे पहले शनिवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया था. कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया था कि जिले के कोयलीबेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में चिलपरस गांव के पास सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिरायापुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड और सीमा सुरक्षा बल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था और जब यह दल चिलपरस गांव के पास जंगल में था तब नक्सलियों ने उसपर गोलीबारी शुरू कर दी. उनके अनुसार इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की. एलेसेला ने बताया कि बाद में जब सुरक्षाबल के जवानों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां से एक नक्सली का शव, एक हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया.





## भिलाई में फ्लाईओवर का फॉल सीलिंग गिरा

**रायपुर,19मार्च.** जिले में तेज तूफ़ान के चलते बीती रात नेशनल हाइवे 53 पर चंद्रा मौर्य चौक पर स्थित फ्लाई ओव्हर में बड़ा हादसा होने से बच गया. यहां फ्लाई ओव्हर के नीचे सजावट के लिए लगाई गई एलुमिनियम की फॉल सीलिंग अचानक भरभराकर नीचे सड़क पर आ गिरी. इस दौरान ओव्हर ब्रिज के नीचे से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गए. गनीमत रही की आंधी-तूफ़ान के कारण सड़क पर लोग कम थे, वरना कोई भी इन भारी-भरकम फॉल सीलिंग के नीचे आकर बुरी तरह से हताहत हो सकता था. इस हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल निर्माण एजेंसी से संपर्क कर सड़क पर पड़ी एलुमिनियम सीट को हटाया. इस मामले में ट्रैफिक टीआई चंद्रकांत कोसरिया ने इस फॉल सीलिंग का निर्माण कर रही एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है. वहां मौजूद लोगों ने बताया कि शाम को एकाएक मौसम में परिवर्तन हुआ और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई. इसी दौरान एलुमिनियम सीट नीचे आ गिर गया. हवा इतनी तेज चल रही थी कि थोड़ी देर में एक के बाद एक तीन सीट भरभराकर नीचे गिर गई. जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल व्यवस्था को सुधारा.

खराब हो गए दोनों देशों के संबंध

## तालिबान सेना ने पाकिस्तान की तरफ घुमाई तोपें

**करांची,19 मार्च.** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर सबकुछ ठीक नहीं है। दरअसल, हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो रहे हैं और 18 मार्च की घटना के बाद यह और खराब होना तय है। इस्लामाबाद ने पुष्टि की कि उसने पड़ोसी देश में खुफिया-आधारित आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था, जिसमें आठ नागरिकों की मौत हो गई। जवाब में तालिबान सरकार ने सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों पर गोलीबारी की। अब, दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है, पाकिस्तान अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगा रहा है और तालिबान इस आरोप से इनकार कर रहा है। दरअसल, यह पाकिस्तान सरकार और अफगानिस्तान में तालिबान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव का एक और अध्याय होगा। लेकिन वास्तव में क्या हुआ? और यह घटना इस्लामाबाद और काबुल के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को कैसे प्रभावित करती है? 18 मार्च की तड़के, पाकिस्तान ने पूर्वी अफगानिस्तान के पक्तिका और खोस्त प्रांतों में दो हवाई हमले किए। तालिबान अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में तीन बच्चों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने घटना की पुष्टि करते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दी कि वह अपने क्षेत्र में नियंत्रण की कमी और समस्याओं के लिए अफगानिस्तान को दोष न दे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के बहुत बुरे परिणाम हो सकते हैं जो पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं होंगे।

कुछ घंटों बाद, पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने भी हमलों की पुष्टि की और कहा कि उसने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के अंदर खुफिया-आधारित आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था। इसमें आगे कहा गया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से संबंधित आतंकवादी उसके ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य थे। इसमें कहा गया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ ये आतंकवादी पाकिस्तान के अंदर कई आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों नागरिकों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की मौत हुई।

कुछ घंटों बाद तालिबान ने हमलों की निंदा की। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने लिखा कि अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात इन हमलों की कड़ी निंदा करता है और इस लापरवाह कार्रवाई को अफगानिस्तान के क्षेत्र का उल्लंघन बताता है। अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात, जिसके पास दुनिया की महाशक्तियों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का लंबा अनुभव है, किसी को भी अपने क्षेत्र पर आक्रमण करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर इस तरह के हमले कोई नई बात नहीं है। हाल के वर्षों में, विश्व स्तर पर नामित आतंकवादी समूह और काबुल में सत्तारूढ़ तालिबान के करीबी सहयोगी माने जाने वाले टीटीपी द्वारा पाकिस्तानी धरती पर हमले बढ़ गए हैं। वास्तव में पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, 2023 में देश में आतंकवादी हिंसा में 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और कुल 306 आतंकवादी हमले हुए, जिनमें 693 लोग मारे गए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आतंकवादियों के बढ़ते हमलों से संकेत मिलता है कि टीटीपी और उसके सहयोगी पाकिस्तान को बातचीत की प्रक्रिया बहाल करने के लिए 'मजबूर' करने के उद्देश्य से तीव्र आतंकवाद हमले का सहारा लेना जारी रखेंगे।

## बेनकाब हो चुकी है भाजपा, चुनाव आयोग रद्द करे मान्यता : दीपक बैज

**रायपुर,19 मार्च.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनावी चंदे पर भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि इसमें बहुत बड़ा घोटाला हुआ है. चुनावी चंदे के इस खेल में भाजपा बेनकाब हो चुकी है. चुनाव आयोग से मांग है कि भाजपा की मान्यता रद्द की जाए. चुनावी चंदा पर आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूँ. कोर्ट की मदद से चुनावी चंदा की जानकारी सार्वजनिक हो पाई. केंद्र सरकार की मिलीभगत चुनावी चंदा में है. भाजपा की पोल इससे खुल गई है. उन्होंने कहा कि चुनावी चंदा में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है. भाजपा की सरकार इस घोटाला में शामिल है. केंद्रीय जाँच एजेंसियों का खुलेआम दुरुपयोग किया है. वसूली का टारगेट केंद्रीय जांच एजेंसियों को दिया गया. चुनावी चंदा का घोटाला अब तक सबसे बड़ा घोटाला है. दीपक बैज ने कहा कि पहले कंपनियों पर छापा फिर उससे चंदा वसूली किया गया. जिन कंपनियों ने चंदा दिया उसे बाद काम का ठेका दिया. चुनावी चंदे के इस खेल में भाजपा बेनकाब हो चुकी है. चुनाव आयोग से मांग है कि भाजपा की मान्यता रद्द की जाए.

## एक नजर

### ओवरब्रिज से बाइक सवार गिरा,जान बची

**भिलाई, 19 मार्च।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र पावर हाउस चौक पर नंदिनी रोड से सेक्टर-1 की ओर जाने के लिए बने ओवरब्रिज से एक बाइक सवार नीचे गिर गया बताया जाता है कि घटना के समय वह सिर पर हेलमेट पहने हुए थे इस वजह से उसकी जान बच गई यहीं नहीं गिरने के दौरान व करीब स्थित बिजली पोल के केबल में भी कुछ देर तक उलझ गया था इस वजह से भी उसे चोट नहीं आई घटना के बाद अहनहोनी की आशंका से लोगों की भीड़ जुट गई थी परंतु उक्त व्यक्ति को सकुशल देख लोगों ने राहत की सांस ली प्रत्यक्षदर्शी अमर सोनकर ने बताया कि घटना एक व्यक्ति भिलाई पावर हाउस स्थित डॉ आंबेडकर चौक के ऊपर बने ओवरब्रिज से नीचे गिर गया उस व्यक्ति की किस्मत अच्छी थी कि वह सीधे नीचे न गिरकर पास स्थित बिजली के खंबे पर लगे बिजली के केबल से फंस कर गिरा जिससे उसके गिरने की गति कम हो गई हेल्मेट पहने होने के कारण जमीन पर सर के बल गिरने के बावजूद उसे सिंर में चेट नहीं आई उल्लेखनीय है कि हाल ही में नगर निगम भिलाई द्वारा लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से अभी फ्लाईओवर का संधारण कार्य किया गया।

### युवक ने आत्महत्या कर ली

**भिलाई, 19 मार्च ।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र गंगा नगर के ईंट भट्ठा में काम करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिलने पर प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम सेमरडीह बलौदा बाजार निवासी अर्जुन ध्रुव ( 20 ) के रूप में की गई है वो कुछ महीनों से गंगा नगर कुम्हारी के ईंट भट्ठा में ही रहकर वहां पर काम करता था ईंट भट्ठा के जिस झोपड़ी में वो रहता था उसने वहीं पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है घटना का कारण अज्ञात है ।

### सिविक सेंटर में नये सबस्टेशन की स्थापना

**भिलाई, 19 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट (टीईईडी) के एचटी और एलटी समूह ने संयुक्त रूप से मिलकर न्यू सिविक सेंटर में एक नया 315 केवीए के सब स्टेशन स्थापित किया है। आयकर कार्यालय के पास स्थित 500 केवीए के सबस्टेशन में 100 प्रतिशत लोड के कारण अक्सर ब्रेकडाउन और केबल बर्नआउट का खतरा लगा रहता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आंतरिक संसाधनों के माध्यम ये इस नये सब स्टेशन की स्थापना की गई है। नए सब स्टेशन को बनाने और कमिशनिंग का कार्य 3 महीने में पूरा हुआ। इस कार्य में पूरा करने में सहायक प्रबंधक जे पी पांडे व रणबीर पुन्न, वरिष्ठ प्रबंधक पी एस सिदार व दिनेश वर्मा, उप प्रबंधक नंद किशोर, चार्जमैन कम मास्टर टेक्नीशियन ई वी सुनील, सीनियर टेक्नीशियन बी एस ठाकुर, मोहम्मद मुस्ताक्विन व सुब्रमणि तथा ठेका श्रमिक शामिल थे।

### 13 हजार से अधिक परिसम्पत्तियों से हटाए गए बैनर एवं पोस्टर

**दुर्ग 19 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होते ही जिले में नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही चल रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं जनपद क्षेत्रों में प्रशासनिक अमला द्वारा मुस्तैदी के साथ सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्री हटायी जा रही है। आचार संहिता लगने से प्रथम 24 घंटे में 5 हजार 874 होर्डिंग्स, बैनर, वॉल राईटिंग एवं अन्य प्रचार सामग्री हटायी गई।

उक्त तिथि को 2623 सार्वजनिक सम्पत्ति और 2351 निजी सम्पत्तियों को बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स एवं अन्य प्रचार सामग्रियों से मुक्त किया गया। इसी प्रकार 18 मार्च 2024 को 4451 सार्वजनिक सम्पत्ति और 3598 निजी सम्पत्ति में कार्यवाही कर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स एवं अन्य प्रचार सामग्री हटायी गई। सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा तथा साजा व बेमेतरा के आंशिक क्षेत्र में युद्धस्तर पर की जा रही है।

### होली के लिए गुलाल , पिचकारी की बिक्री कम होने से दुकानदार चिंतित

**कवर्धा, 19 मार्च।** होली समीप है लेकिन गुलाल , रंग और पिचकारी की बिक्री में कमी दिख रही है । दुकानदार बताते है स्कूल , कालेज में एग्जाम जारी होने के कारण बच्चे होली त्योहार मनाने में संकोच कर रहे है क्योंकि एग्जाम महत्वपूर्ण है । लेकिन कई व्यापारियों ने कहा की उम्मीद है की 22 तारीख के बाद मार्केट में चमक आ जाय क्योंकि कई बच्चो का एग्जाम खत्म हो जाएगी ।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**भिलाई, 19 मार्च।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में रायपुर से गोंदिया तक सफर कर रहा एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है उसके पास से मिले मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है ।

# रामनवमी पर्व पर होने वाले समारोह में किया जाएगा ध्वजवाहकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मार्च।** रामनवमी की तैयारियों के संबंध में श्रीराम जन्मोत्सव समिति की आवश्यक बैठक सेक्टर 9 में संपन्न हुई। इस दौरान ध्वजवाहकों के सम्मान समारोह पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 1100 से अधिक मंदिरों से ध्वजवाहकों द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष ध्वजवाहकों का सम्मान किया जाता है, इसी क्रम में इस वर्ष भी 31 मार्च को यह आयोजन किया जाएगा। साथ ही 1 अप्रैल से एक मुट्ठी दान, श्रीराम के नाम अभियान की भी शुरुआत की जाएगी। समिति के जिलाध्यक्ष मदन सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष 31 मार्च को ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह सेक्टर 10 गुण्डिचा मण्डम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रखण्डों के मंदिरों, पूजा स्थलों से ध्वज से लेकर निकलने वाले राम भक्तों का सम्मान समिति द्वारा किया जाएगा, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहेगे। साथ ही 1 अप्रैल से एक मुट्ठी दान प्रभु श्रीराम के नाम अभियान की भी शुरुआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत राम भक्त भिलाई के प्रत्येक घर पहुंचकर महाभोग के लिए दान प्राप्त करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पांडे, रविंद्र भगत, विष्णु पाठक, जोगिंदर शर्मा, दीपक मिश्रा, बसंत प्रधान, महिला शाखा अध्यक्ष शीला वाघमारे, महामंत्री गीतांजलि कौशिक, मेघा कौर उपस्थित हुए।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने सड़क चिरचारी सेक्टर की ली बैठक



**खुज्जी।** खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने आज चिचोला एवं सड़क चिरचारी सेक्टर की बैठक लेकर बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओ को चार्ज किया। उन्होंने कहा कि हमारे लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल जी को भारी मतों से विजय बनाना है, गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करना है और बघेल जी को जिताकर भारी मतों से विजय बनाकर सांसद बनाकर दिल्ली भेजना है करके सब लोग शपथ लिया, इस अवसर पर साथ में कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजू सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामक्षत्रिय चंद्रवंशी, छुरिया जोन प्रभारी विपिन यादव , लादूराम तुमरेकी सेक्टर प्रभारी सड़क चिरचारी विजय साहू ,सह प्रभारी धनेंद्र कोठारी , अमित अग्रवाल ,केदार यादव,राजू मंडावी, विनोद मंडलोई, मोनू खान, किरण मानिकपूरी, रात्र मंडावी, दिनेश गायकवाड़, संतोष लहरे, संजय खुटे,मुकेश मारकंडे रोहित चंदेल रामसुख कवर,मिलाप चंद्रवंशी धनीराम कवर ,लोकेश साहू आदि मौजूद रहे। इसी तरह से खुज्जी विधायक भोलाराम साहूचिचोला सेक्टर की ली बैठक जिसमे मुख्य रूप से जनपद सदस्य चुम्मन साहू जोन प्रभारी, विपिन यादव सेक्टर प्रभारी चिचोला, लादूराम तुमरेकी ,सह प्रभारी अमित अग्रवाल, जनपद सदस्य मनीराम ,विनोद मंडलोई ,भारत साहू,थानसिंह कवर,अतीश सिन्हा,जोगी राम कोमरे , मोनू खान,किरण मानिक पुरी,लोकेश साहू अन्य उपस्थित थे।

# अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके तहत जिले के अन्तर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमले कलेक्टर के बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे अति आवश्यक होने पर आवेदन कार्यालय प्रमुख परीक्षण कर अनुशंसा के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता को नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगें। जारी आदेश में बताया गया कि निर्वाचन कार्य संपादन के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, डब्डब्ए ब्वदजतवस त्ववउए ब.टप्ळप्स् सहित अन्य शाखाओं में जिन अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है, उन्हें तत्काल भारमुक्त करें। इस संबंध में केवल कार्यालयीन कार्य का हवाला देकर ड्यूटी आदेश निरस्त करने संबंधी पत्राचार मान्य नहीं होगा। निर्वाचन कार्य संपादन के लिए जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जा रही है, उन्हें आदेश तामील कराने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय/विभाग प्रमुख की होगी। अतः अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेंगे, कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाएगी। निर्वाचन कर्तव्य से मुक्त करने संबंधी आवेदन आवश्यक दस्तावेज (स्वास्थ्यगत समस्या होने पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट) सहित कार्यालय प्रमुख अनुशंसा के साथ नोडल अधिकारी को मतदान दल गठन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगें। अवकाश अथवा निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मचारी सीधे इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत नहीं करेंगें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# एसएलआरएम की बदहाल व्यवस्था देख भड़कीं आयुक्त ने ठेकेदार को नोटिस देने को कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,19 मार्च।** निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने आयुक्त मोनिका वर्मा सुबह वार्डो का भ्रमण की। दूर से उठ रहे दुर्गन्ध की वजह से वे सीधे एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचीं। नजारा देख नाराजगी व्यक्त कीं। बिना छटाई कचरा डंप देख उन्होंने ठेकेदार को तलब करते नोटिस जारी करने निर्देश दिए। आयुक्त मोनिका वर्मा रूआबांधा क्षेत्र में नियमित चलने वाली सफाई व्यवस्था का जायजा लीं। इस दौरान रूआबांधा तालाब के निकट बने एस.एल.आर.एम. सेंटर को देख नाराजगी व्यक्त कीं। यहां पर दो दिनों से कचरा पृथक्करण कार्य बंद होना पाया गया। गीला-सूखा कचरा की सड़ांध से आस-पास का वातावरण दुषित हो रहा था। आयुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सबसे पहले ठेकेदार को नोटिस जारी करे। वही कार्यालय समय पर अनुबंध फाईल को प्रस्तुत करे। मॉर्निंग विजिट में रूआबांधा क्षेत्र के प्रभारी उप अभियंता नितिश अमन साहू, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा एवं जन स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार शामिल थे। शौचालय की व्यवस्था हो दुरूस्त-रूआबांधा वार्ड 2 के सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान तालाब पारा स्थित शौचालय का केयर टेकर नदारद मिला। वही तालाब के नीचे स्थित शौचालय की व्यवस्था देख आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने तालाब पार में बिखरे कचरा को तत्काल उठाने निर्देश दिए। दरअसल उक्त कचरा नागरिकों द्वारा डंप किया जा रहा था।

### आचार संहिता का हो पालन

आयुक्त मोनिका वर्मा साफ सफाई व्यवस्था को देखने के बाद संपत्ति विरूपण कार्यवाही का निरीक्षण की। इस दौरान कल्याणी मंदिर के निकट बने मंच और मरोदा चौपाटी के निकट लगे राजनेताओं व पार्षद के फोटो को ढकने कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि संपत्ति विरूपण की कार्यवाही निरंतर चलाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कहीं दीवार लेखन, फ्लेक्स लगा तो नहीं है। होर्डिंग्स होने पर एजेंसी को तत्काल उसे हटाने के निर्देश दे।

# ब्रेकअप के बाद युवक ने प्रेमिका पर किया चाकू से हमला



भिलाई भिलाई - 3 थाना क्षेत्र एक युवक ने ब्रेकअप होने के बाद अपनी पूर्व प्रेमिका पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया आरोपित को इस बात का गुस्सा था कि उससे ब्रेकअप करने के बाद उसका किसी दूसरे युवक से अफेयर शुरू हो गया था उसकी पूर्व प्रेमिका अपने वर्तमान प्रेमी के साथ दुर्ग से घूमने के बाद वापस अपने घर रायपुर जा रही थी भिलाई - 3 टीआई पीडी चन्द्रा ने बताया कि शताब्दी नगर तेलीबांधा रायपुर निवासी शिकायतकर्ता दीपक सोनवानी आरोपित अपनी प्रेमिका के साथ घूमने के लिए दुर्ग आया हुआ था यहां से रात करीब 11 बजे वे बाइक से लोग वापस रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान प्रेमिका के पूर्व प्रेमी आरोपित दीपेश साहू ने उन्हें भिलाई- 3 बिजली आफिस के सामने रोका और युवती के कमर पर चाकू टिकाकर बाइक पर बैठ गया और शिकायतकर्ता को चलने के लिए बोला।शिकायतकर्ता इससे डर गया और आरोपित जहां-जहां बोलता गया वो बाइक लेकर वहां-वहां चलता गया अंत में आरोपित उन्हें बिजली कालोनी मैदान के पीछे ले गया वहां पर आरोपित ने स्वाति को बोला कि तू मेरी प्रेमिका है तेरे ऊपर कई दिनों से रुपये खर्च कर रहा हूं आरोपित ने अपने खर्च किए हुए रुपये वापस मांगे तो युवती ने कुछ दिन बाद रुपये वापस लौटाने के लिए बोला इस पर आरोपित आक्रोशित हो गया और अपने पास से चाकू निकालकर युवती के पेट में घोंप दिया शिकायतकर्ता ने बीच बचाव की कोशिश तो आरोपित ने उसे भी मारकर घायल कर दिया। शिकरायतकर्ता ने पुलिस को इसकी जानकारी दी और वहां से दोनों अस्पताल पहुंचे घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित दीपेश साहू के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया है भिलाई-3 बिजली आफिस के पास आरोपित ने रोका और चाकू की नोक पर ले जाकर की वारदात युवती की हालत गंभीर भिलाई - 3 थाना पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार।

# रमजान का पहला सप्ताह पूरा, रोजेदारों में उत्साह



**भिलाई, 19 मार्च ।** रमजान महीने का पहला सप्ताह पूरा हो गया है। रोजेदार मस्जिदों में नमाज पढ़ने, अफतार करने और तरावीह की विशेष नमाज अदा करने बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। इसे लेकर समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। मर्कजी मस्जिद पावर हाउस कैम्प-2 में तरावीह की नमाज के बाद शेखुल हदीस हजरत मौलाना जकरिया रहमतुल्लाहि की तस्नीफ की गई किताब फजाइले रमजान मुबारक पढ़कर लोगों को उसकी फजीलत बताई जा रही है। इमाम हाफिज कासिम बस्तवी ने बताया कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने रमजान माह के बारे में बताया कि जिसका खुलासा ये है कि रमजान मुबारक महीना में तीन अशरे (10 दिन) होते हैं, पहला अव्वल हिस्सा दस दिन रहमत, दूसरा (दरमियान हिस्सा) मगफिरत, तीसरा जहन्नुम (नरक) की आग से छुटकारा है। ये महीना सब्र का है, इसमें रोजे फ़र्ज़ हैं। हां कोई बीमार है या सफर में है तो उसको छूट है लेकिन बीमारी से ठीक होने के बाद सफर से आने के बाद उसको पूरा करें। इस महीने के साथ अल्लाह को खास मुनासिबत (लगाव) है क्योंकि प्यारे नबी हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर कुरान रमजान मुबारक महीना में नाजिल होना शुरू हुआ फिर रफ्ता रफ्ता 23 साल में आसमानी दुनिया से फरिश्ते जिब्राइल अलैहिस्सलाम के जरिए हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर भेजा गया। कुरान इंसानियत को सीधा रास्ता बताने वाली किताब है। रोजा रखने से इंसान को संयम, एकाग्रता, मानवता एवं मानवीय संवेदना का एहसास, माफ करना बर्दाश्त करना भूख का वास्तविक अर्थ स्वरूप एहसास पैदा होता है। रोजा तकवा सिखाता है जो केवल अल्लाह के डर से पैदा होता है।

# कार्यशाला में बताया हिंदी समय की मांग व अंत्यंत उपयोगी




भिलाई, 19 मार्च । भिलाई इस्पात संयंत्र के आयरन ओर कॉम्प्लेक्स, खनि नगरी राजहरा के एम.वी.टी. सेन्टर में विगत दिनों महाप्रबंधक (महामाया एवं दुलकी) अरुण कुमार के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला एवं कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (राजहरा खदान) श्रीकांत चिंताला, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एण्ड सर्विसेस) विपिन कुमार, उप महाप्रबंधक (दल्ली यन्त्रीकृत खदान) पंकज कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा) सत्येन्द्र कुमार एवं उप महाप्रबंधक (दुलकी खदान) मनीष जायसवाल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अरुण कुमार ने अपने उद्बोधन में हिंदी को समय की मांग और अत्यंत ही उपयोगी बताया और कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज राष्ट्र की प्रगति तथा आम व्यक्ति की उन्नति के लिए अत्यंत ही लाभकारी है। वॉइस टाइपिंग के विषय में उन्होंने कहा कि अब हिंदी में टाइपिंग करना बातचीत करने जितना आसान हो गया है। हम सभी हिंदी में यथासंभव और अधिकाधिक कार्य करने का प्रयास करें, ताकि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना किसी के लिए भी कठिन ना रहे। उप महाप्रबंधक एवं विभागीय समन्वय अधिकारी शमशाद रज़ा ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन कर ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। राजभाषा अधिनियम, नियमों एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी और सामान्य ज्ञान, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया7 प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे- प्रथम श्री कपिल नायडू, वरिष्ठ प्रबंधक (कलवर खदान), द्वितीय विनीत कुमार सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक (संविदा प्रकोष्ठ), तृतीय सोमित दत्ता, उप प्रबंधक (मेंटेनेंस एण्ड सर्विसेस)। प्रोत्साहन पुरस्कार अमित कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा), राउतिया मनीष बसंत लाल (माइनिंग फोरमेन) तथा घनश्याम पारकर (अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी) ने प्राप्त किया। कवि-गोष्ठी में अमित कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा), विनीत कुमार सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक (संविदा प्रकोष्ठ), आशुतोष त्रिपाठी, सहायक महाप्रबंधक (झरनदल्ली खदान), आनंद बोरकर (कनिष्ठ अधिकारी), घनश्याम पारकर (अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी) तथा संतोष ठाकुर (सीनियर टेक्नीशियन) ने काव्य-पाठ प्रस्तुत किया। कार्यशाला में सहायक महाप्रबंधक रजत बनर्जी, सहायक महाप्रबंधक सौरभ कुमार, प्रबंधक परिमल बिस्वास, उप प्रबंधक राजकुमार उमरे, सहायक प्रबंधक श्वेतांगिनी पण्डा, सहायक प्रबंधक लिप्सामयी शंखुआ, कनिष्ठ अधिकारी आनंद कुमार तथा चिदंबर राव एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन



**भिलाई, 19 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सीआईएसएफ गेट-04 के सामने (इस्पात भवन के निकट) किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कशॉप के समस्त कार्मिक हाथों में तक्तियां लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैश हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्शित कर रहे थे।

# मध्य भारत की पहली महिला इंजीनियर प्रमिला नायर नहीं रहीं



**भिलाई, 19 मार्च ।** समूचे मध्य भारत की पहली महिला इंजीनियर प्रमिला खुराना नायर का 17 मार्च को सूर्य विहार स्थित निवास में 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वे भिलाई स्टील प्लांट में नियुक्त होने वाली पहली भारतीय महिला इंजीनियर भी थीं। रामनगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्व. प्रमिला के पिता द्वारकानाथ खुराना तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग में अफसर थे और स्व. प्रमिला की स्कूली पढ़ाई दुर्ग की प्राथमिक शाला तितुरडीह और हिंदी भवन के सामने शासकीय बहुद्देशीय (अब जेआरडी) स्कूल में हुई। इसके बाद सेंट जोसेफ कान्वेंट जबलपुर से उन्होंने सीनियर कैंब्रिज किया। फिर 1953-54 में उनका दाखिला जबलपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कराया गया। यहां उन्होंने टेलीकम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और इस तरह समूचे मध्य भारत की वह पहली महिला इंजीनियर बनीं।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो मनरेगा श्रमिकों को मिलेगी 400 रु. मजदूरी:विनोद चंद्राकर



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को प्रतिदिन 400 रु. की मजदूरी दी जाएगी। श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा श्रमिक हितैषी रही है और आजदी के बाद तमाम ऐसे कानून लाई है जिसमें मजदूरों का हित हो। जैसे न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम, मनरेगा, जिनके माध्यम से श्रमिकों का जीवन बेहतर हुआ था। परंतु, आज भाजपा की डबल इंजन सरकार में श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर हुई है। सामाजिक सुरक्षा के उपाय तो छोड़िए उनके रोजगार के भी लाले पड़ गए हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों को इस देश की रीढ़ मानती है और सरकार आने पर कांग्रेस अपनी श्रमिक न्याय की गारंटियों से उन्हें सुरक्षित सम्मान जनक जीवन देने का काम करेंगे। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में मनरेगा में काम करने वाले को लगभग 200 रु प्रतिदिन की मजदूरी मिलती है। जो कांग्रेस सरकार बनने पर बढ़कर दोगुनी यानी 400 रु प्रतिदिन हो जाएगी। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी की शुरुआत यूपीए सरकार के दौरान हुई थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत डेढ़ सौ दिनों तक रोजगार देने के संकल्प को पूरा किया था और कोविड काल के दौरान 27 करोड़ से अधिक श्रम दिवस देकर राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा श्रम की सम्मान की है और श्रमिकों के भलाई के लिए काम किया है। मोदी सरकार ने जो श्रम विरोधी कानून लाया है उसकी समीक्षा की जाएगी और श्रमिकों के हित में सुधार किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन प्रतिदिन 400रु की गारंटी होगी, शहरी रोजगार गारंटी, श्रमिकों को स्वास्थ्य का अधिकार दिया जाएगा। इसमें मुफ्त में जांच इलाज और दवा की व्यवस्था रहेगी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सरकारी क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों पर होने वाले ठेका पद्धति बंद होगी, निजी क्षेत्र में ठेका में काम करने वाले मजदूर को भी सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी।

## एक नजर

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च

**रायपुर, 19 मार्च।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए इंडियन आर्मी की वेबसाइट- www.joinindian-army.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है । आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च, 2024 तक है । छत्तीसगढ़ से अब तक 15000 युवाओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है । यह सेना में भर्ती के लिए उनके उत?साह को दर्शाता है । किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण अथवा सहायता के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष संख्या 0771-2965212, 0771-2965213, पर संपर्क किया जा सकता है ।

### असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई



**राजनांदगांव 19 मार्च।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अगामी होली त्यौहार एवं अगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 17.03.2023 को मुखबीर सूचना पर से ग्राम बोईरडीह में अवैध शराब बिक्री कर रहे 01. उगेश पारधी पिता संतलाल पारधी उम्र 30 साल, 02. प्रकाश पारधी पिता ज्ञानीलाल पारधी उम्र 22 साल साकिनान ग्राम बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकडा गया आरोपी उगेश पारधी से 11 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल 1980/- एमएल कीमती 1320/- बिक्री रकम 280 रूपये एवं आरोपी प्रकाश पारधी से 12 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 2160/- एमएल कीमती 960/- रूपये एवं बिक्री रकम 210/- को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार माननीय न्यायालय से जारी 03 किता गिरफतारी वारण्ट तामिल कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह ग्राम भाठागांव में संघेय अपराध की आशंका,शांति भंग करने के उददेश्य से गाली गलौच ,हाथापाई कर रहे अश्वनी साहू पिता खुमान साहू उम्र 39 साल निवासी ग्राम भाठागांव ओपी चिखली राजनांदगांव छ0ग0 के विरूद्ध धारा 151/107,116(3) जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, प्र0आर0 जी0 सिरिल, समारू सर्पा, अरविन्द यादव, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 कमल साहू, देवेन्द्र कुमार, सिंधु सिन्हा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान 28.लाख रुपए किए जब्त



**राजनांदगांव 19 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु एमसीपी लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की लगातार चेकिंग किया जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 18.03.2024 को पुराना गंज चैक राजनांदगांव में एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की मारूति स्वीप्ट कार क्रमांक सी0जी0 14 सी0-0850 को रोककर चेक करने पर उक्त वाहन में बैठा व्यक्ति दीपक कुमार साहू पिता रेवाराम साहू उम्र 46 वर्ष साकिन वार्ड नं. 20 पेण्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 28 लाख रूपये बरामद हुआ जिस संबंध वैध कागजात पेश नहीं कर पाने पर बरामद नगदी रकम को धारा 102 जा0फौ0 के तहत जप्त कर सूचना आयकर विभाग राजनांदगांव को दी गई, कार्यवाही जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ सउनि0 उदय सिंह चंदेल, प्र0आर0 संदीप चैहान, रंजीत चैरसिया, भुनेश्वर जायसी, किशन चंद्रा एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड परीक्षाएं अब 14 मई से

**रायपुर 19 मार्च ।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 अब दिनांक 14 मई 2024 से प्रारंभ होगी। लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद पूर्व में जारी समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के प्रभारी सचिव पी.पी. द्विवेदी ने बताया है कि प्रदेश में तीन चरणों में मतदान की घोषणा की गई है। मतदान की तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाऐं दिनांक 14 मई 2024 से प्रारंभ होकर 27 मई 2024 तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित है। राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को विशिष्ट उर्दू, 16 मई को विज्ञान, 18 मई को सामाजिक विज्ञान, 20 मई को गणित, 22 मई को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य संस्कृत, 24 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

# गरीबों को जमीन नही, करोड़पति लोगों के पास है करोड़ों का वन भूमि पट्टा


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**डोंगरगांव 19 मार्च।** पूर्ववर्ती छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशानुसार डोंगरगाव नगर क्षेत्र के वन भूमि पर काबिज लोगों को वन भूमि के अधिभोग के अधीन हक़ का पट्टा देने की कार्यवाही नगर पंचायत के द्वारा पारित संकल्प के आधार पर अनुविभाग स्तरीय वन समिति के द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी के अध्यक्षता में इनके अलावा अन्य सदस्य भी शामिल थे जिसमें कि नगर पंचायत के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी,तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी वन राजनांदगाव,मुन्नी बाई मंडलोइ पार्षद वार्ड नंबर 8,श्रीमति द्रोपती सिँह उइके पार्षद वार्ड नंबर 15,श्रीं मुकेश कुंजाम पार्षद वार्ड नंबर 13 शामिल थे उपरोक्त अनुविभाग स्तरीय खंड समिति के द्वारा 97 लोगों को पात्र मानकर जिला स्तरीय समिति को अंतिम विनिश्चय हेतु भेजा गया था जंहा से भी स्वीकृति प्रदान की गयी जिसमे भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं ने अपने खासम खास एवं करीबी

मनोज हेमनानी को राजनितिक पहुंच के साथ फायदा पहुंचने के लिए वन भूमि का अधिभोग के अधीन हक़ का पट्टा दिलाया इस मौके पर नेता जी के खासम खास मनोज हेमनानी के साथ 96 और लोगो को पट्टा वितरित किया गया था।खंड स्तरीय समिति के समक्ष वन भूमि अधिकार मान्यता जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उसमें नगर पंचायत को ग्राम पंचायत लिखा गया हैं मनोज हेमनानी की जाति अन्य पिछड़ा वर्ग ओ.बी.सी. लिखा गया हैं तथा मनोज हेमनानी की स्तिथि मजदूर व कार्य को मजदूरी बताया गया हैं उक्त जांच प्रतिवेदन पर नगर पंचायत के वर्तमान अध्यक्ष,सचिव के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के,वर्तमान हल्का पटवारी के,वर्तमान बीट फारेस्ट आफिसर के एवं वन समिति वार्ड नंबर





7 के हस्ताक्षर हैं नगर क्षेत्र में नगर पालिका अधिकारी सचिव नहीं होता सचिव ग्राम पंचायत में होता हैं यह भी मुद्दा हैं मनोज हेमनानी एक व्यवसायी हैं जिसका राज्य कर उपायुक्त कार्यालय राजनांदगाव से जी.स.टी नंबर व द्व.द्व.प्लाईवुड एवं कांच घर का प्रोपराइटर बताया गया हैं जिसका सालाना करोड़ों का लेन देन है अनुभाग स्तरीय समिति के पास वन भूमि के अधिकारों के लिए दावा प्रारूप में ज़ो जानकारी मनोज हेमनानी द्वारा दी गयी हैं उसमें अपनी वेकल्पिक आय का स्रोत मजदूरी बताया गया हैं तथा अधिभोग की भूमि को निवास के लिए बाताया गया हैं जबकि वन भूमि पर 5 दुकाने निर्मित हैं व 10 फिट की गली हैं द्य इस प्रकार से वन भूमि पर व्यवसायिक परिसर बना हैं इस दस्तावेज में दावेदार के रूप में मनोज हेमनानी के हस्ताक्षर हैं वन अधिकार मान्यता अधिनियम के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में वन भूमि का पट्टा देने का क़ोई प्रावधान नहीं हैं नगर पंचायत को क़ोई संकल्प भी पारित करने का प्रावधान नहीं हैं अधिनियम में केवल ग्राम सभा के प्रस्ताव का उल्लेख किया गया हैं जिसके आधार पर केवल अनुसूचित जाति व अन्य परम्परागात जातियों को वन भूमि का पट्टा दिया जाने का उल्लेख किया हैं जिनका जीवन वनो पर आश्रित हो ज़ो कि मनोज हेमाननी व उसका परिवार वनो पर आश्रित नहीं हैं और न ही अनुसूचित जाति व अन्य परम्परागात जाति में आता हैं पूरा पट्टा शून्य हैं,वन भूमि के अधिभोग के लिए हक़ का पट्टा दिया गया हैं उसमें जाति सिंधी सही लिखा हैं परन्तु अन्य परम्परागात वन निवासी पर राईट चिन्ह लगाया गया हैं जबकि अन्य परम्परागत वन निवासी की परिभाषा में नहीं आता हैं इस पट्टा में मनोज हेमनानी की पत्नि का नाम भी लिखा हैं पट्टे में तत्कालीन स्र.द्व.श्.तत्कालीन कलेक्टर,एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगाव के हस्ताक्षर हैं

पट्टे सहित सम्पूर्ण वन भूमि जिस पर मनोज हेमनानी व उसके परिवार का कब्ज़ा हैं जिसकी बाजार कीमत करोड़ों रूपये है वन विभाग के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं मनोज हेमनानी व उसका परिवार भूमिहीन नहीं हैं सेवताटोला में उनके भाई के नाम पर मुख्य सड़क चौकी रोड में लाखों रूपये की भूमि सयुक्त नाम मे हैं क्योंकि वन भूमि मान्यता प्रतिवेदन में अतिक्रमण भूमि पर निर्भर होना लिखा गया हैं पट्टे के अतिरिक्त 25 डिसमिल वन भूमि पर मनोज हेमनानी व उसके परिवार का कब्ज़ा हैं ज़ो आसपास के लोगों के द्वारा जानकारी दी गयी हैं। डोंगरगांव भाजपा के नेताओ के पावर और पहुंच के कारण सारे नियमो को दरकिनार कर मनोज हेमनानी जैसे करोड़ पति को भी वन भूमि पट्टा वितरण जैसा फायदा दिलाया गया है जबकि वास्तविक मे जिनको इनकी जरुरत है वो आज भी इसके लिए भटक रहे है। डोंगरगांव की ओछी राजनीती भी सिर्फ अमीरों की जागीर बन के रह गई है। डोंगरगांव बीजेपी नेताओं द्वारा मनोज हेमनानी जैसे गरीबो के लिए की गई मदद से भाजपा की छवि धूमिल हो रही है।अखबार प्रतिनिधि को ये जानकारी अपने विज्ञप्ति में वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक डोंगरगांव ने दी है।

## कलिंगा विवि में वैश्विक प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया निगरानी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**रायपुर 19 मार्च।** अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध कलिंगा यूनिवर्सिटी की फार्मेसी फैकल्टी, हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी, कुआलालंपुर और रॉयल कॉलेज ऑफ मेडिसिन पेराक, मलेशिया के सहयोग से अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल समापन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। ÷वैश्विक प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) निगरानी में वर्तमान चुनौतियां और नवीन रणनीतियाँ÷ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 15 और 16 मार्च, 2024 को रायपुर के विश्वविद्यालय परिसर में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था।फार्मेसी संकाय के प्राचार्य और सम्मेलन के संयोजक डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के दूरदर्शी नेतृत्व में, सह-संयोजक श्री सुदीप कुमार मंडल, श्री प्रांजुल श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी यादव और श्री सौरभ शर्मा, संकाय के सहायक प्रोफेसर के साथ फार्मेसी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई। इस कार्यक्रम का समन्वय एक समर्पित आयोजन समिति द्वारा किया गया था जिसमें सुश्री स्मिता सुथार, सुश्री दीप्ति पाल, श्री मृत्युंजय भांजा, डॉ. रूपाली भारती साओ और सुश्री रश्मी पांडे, सहायक प्रोफेसर, फार्मेसी संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय शामिल थे। फार्मास्युटिकल समुदाय के भीतर महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि डॉ. दीपेंद्र सिंह, अध्यक्ष-शिक्षा विनियमन समिति, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने टिप्पणी की, सम्मेलन के दौरान हमें मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया और सक्रिय



भागीदारी से हम प्रसन्न हैं। सम्मानित अतिथि डॉ. तृप्ति जैन, सहायक औषधि नियंत्रक, छत्तीसगढ़ (एफडीए) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवा सुरक्षा और कारण प्रबंधन सुनिश्चित करने में उचित एडीआर निगरानी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

यह सम्मेलन इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन, एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया (एपीटीआई), इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन, दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जगदलपुर, स्कूल ऑफ फार्मेसी नियोटिया यूनिवर्सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल और जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया गया।

रघु कॉलेज ऑफ फार्मेसी, विशाखापत्तनम ने गहन चर्चा, ज्ञान साझा करने और नेटवर्किंग के अवसरों के लिए एक मंच प्रदान किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने मुख्य प्रस्तुतियों, पैनल चर्चाओं, पेपर प्रस्तुतियों और पोस्टर सत्रों में भाग लिया, जिसमें फार्माकोविजिलेंस में उभरते रुझान, नियामक ढांचे, सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकी प्रगति सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी।

## कोया भूमकाल क्रांति सेना बचा रही पर्यावरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 19 मार्च।** जिले में कोया भूमकाल की टीम का उद्देश्य है पर्यावरण का संरक्षण करना क्योंकि पर्यावरण है तभी पृथ्वी पर मानव प्रजाति सुरक्षित है।आए दिन जंगलों में होने वाली दावाग्नि से पर्यावरणीय जीव-जंतुओं को नुकसान होता है ।आज पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है। आने वाले समय में जंगलों के अभाव में शुद्ध वायु मिलने की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा मोहला जिला वनांचल क्षेत्र के नाम से पहचाना जाता है।यदि इस अंचल से हम वन को ही आग लगाकर नष्ट कर देंगे तो हमारी पहचान ही मिट जाएगी। भविष्य में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का खामियाजा हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ सकता है।इसलिए हमारी टीम कोया भूमकाल क्रांति सेना भारत (पर्यावरण विंग) के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत हम



मोहला क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में लोगों को जंगलों में आग न लगाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान के दौरान हमने देखा कि रास्तों में कुछ जंगलों पर आगजनी भी हुई थी, जिसे हमारे टीम के सदस्यों ने बुझाने का भी सफल प्यास किया। बस इसी तरह यदि गांव का हर व्यक्ति जागरूक हो जाये, तो जंगलों को आग लगाकर नष्ट करने से बचाया जा सकता है।

### डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारी को दिये निर्देश

# आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 मार्च।** प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः लोहार पारा, भरकापारा, मठपारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर पहुच सेन्टर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये, उन्होंने निष्ठा हाजरी अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश देते हुये कहा कि चुकि गर्मी का मौसम आ गया है, इसलिये सेन्टर के सभी कर्मचारी प्रातः 7 बजे पहुचे और डोर टू डोर कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाईस देवे कि वे घर में ही कचरा पृथककरण



करे और नियमित रूप से यूजर चार्ज देवे। इसके अलावा एसएलआरएम सेन्टर के कार्य का सुचारू संपादन करे, गीला सुखा कचरा अलग अलग कर गीला कचरा खाद बनाने पीठ में डाले, खाद बनने पर उसका विक्रय करे। आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा सरोवर के सामने पुराना स्टेट बैंक के पास चोक नाली को साफ कराकर चालू कराये, जिससे पानी का बहाव सुचारू रूप से चालू हुआ, साथ ही इंदिरा सरोवर का निरीक्षण कर सरोवर के चारों ओर साफ सफाई रखने कटीली झाडिया काटने के निर्देश दिये, तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस देवे, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आस पास साफ सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला की सफाई कराने निर्देशित किये। उन्होंने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा से कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, नाली नालों की नियमित सफाई करावे, नाली चोक होने की स्थिति निर्मित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई

**राजनांदगांव 19 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा



लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात आदर्श आचार सहिता क्रियाशील होते ही नगर निगम की टीम कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संपत्ति विरूपण के तहत प्रतिदिन प्रभावशील कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत शासकीय एवं निजी संपत्तियों पर लगे बेनर पोस्टर निगम की टीम दिन और रात हटाकर दिवाल लेखन भी मिटा रही है। टीम द्वारा आज 2612 छोटे बड़े बेनर पोस्टर हटाने तथा दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की गयी। संपत्ति विरूपण के कार्यवाही के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देश पर निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रतिदिन प्रभावशील कार्यवाही की जा रही है। आदर्श आचार सहिता लागू होते ही सम्पत्ति विरूपण कार्यवाही टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर बेनर पोस्टर हटाया जा रहा है और दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी पहले दिन से निगम सीमाक्षेत्र में दिन व रात बेनर पोस्टर निकालने तथा दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही कर रहे है। आज राजीव नगर लखोली, मोहारा, मोहड़, लोहार पारा, भरका पारा, पुराना बस स्टैण्ड, रामाधीन मार्ग, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, कैलाश नगर, मठपारा, बी.के. नगर, आरा मशीन रोड आदि क्षेत्र से 1137 दिवाल लेखन मिटाने के साथ साथ 15 पोस्टर, 399 फ्लेक्स व बेनर एवं 1061 झंडा-झंडी निकालने की कार्यवाही की गयी।आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गठित समिति लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे है।

### पानी टंकी 1 वर्ष से अपूर्ण, ग्रामीण परेशान

**छुरिया 19 मार्च।** तरूण छत्तीसगढ संवाददाता छूरिया विकासखंड



के ग्राम प ंचायत कल्लूटोला के आश्रित ग्राम बनिया टोला में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी टंकी का निर्माण किया जाना था लेकिन निर्माण कार्य विगत 1 वर्ष से अधूरा पड़ा है साथ ही निर्माण कार्य करते समय एक भी दिन पानी तारा आई नहीं किया गया है । वही पाइपलाइन विस्तार हेतु गली में गड्ढा खोदा गया है जो कि आज तक गड्ढा ही है जिससे ग्रामीणों को कभी हादसा का सामना करना पड़ सकता है ग्राम के पशु कई बार हादसे की शिकार हो चुके हैं मगर जल जीवन मिशन संचालन आज तक सोए हुए हैं इसकी शिकायत कलेक्टर महोदय ,एसडीएम तथा पी एच ई को किया गया है। मगर आज तक किसी ने उक्त अपूर्ण कार्य के प्रति रुचि नहीं लिए।

### बरारमुंडी के स्कूल मे न्योता भोजन का हुआ आयोजन



**डोंगरगांव 19 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला बरारमुंडी सकुल दाऊटोला के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति के अंतर्गत शाला मे न्योता भोजन शाला के लिये शाला के प्रधान पाठक देबीलाल साहू व सहायक् शिक्षक प्रेमदास साहू तथा जागृति महिला स्व. सहायता समूह के सौजन्य से प्राथमिक शाला तथा आँगन वाड़ी के सभी बच्चों को खीर पूड़ी पापड़ व दाल चावल सब्जी आचार की वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाला प्रबंधन समिति को भी आंमत्रित किया। उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी व गनमान्य लक्ष्मी साहू, टोमिन साहू , रसोइयाँ फूलबाशन निषाद , आगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा साहू व सहायिका उषा बाई भारती निषाद व अन्य लोगो ने इस न्योता भोजन की सराहना की व अंत मे प्रधान पाठक देबीलाल साहु ने इस न्योता भोजन को सफल बनाने पर सभी का आभार व शाला के छोटे बढ़े कार्यक्रम मे शाला की सहभागिता के लिए हमेशा तत्परता रहने की अपील की।

### निबंध प्रतियोगिता में पीयूष बोरकर प्रथम

**रायपुर 19 मार्च।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 एवं हमारी वैज्ञानिक



उपलब्धियाँ विषय पर स्वर्गीय महेश भाई व्यास स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में विवेकानन्द विद्यापीठ आदर्श आवासीय विद्यालय, कोटा के श्री पियूष बोरकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हिमांशी देवांगन, सतता सुन्दरी कालीबाड़ी स्कूल के श्री उत्कर्ष साहू ने द्वितीय तथा डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल की प्राची ठाकुर तथा पंडित आर डी तिवारी अंग्रजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की तृषा दिव्या को तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श विद्यालय के शिवम कुशवाहा एवं लक्ष्मीनारायण स्कूल की प्रीति साहू को प्रवर्धन पुरस्कार प्रदान किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में बीस से ज्यादा विद्यालयों के करीब पचास विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

## संपादकीय

# एफआईआर तो कभी न कभी तो होनी ही थी

किसी राजनीतिक दल के नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने आता है,केंद्रीय एजेंसी उस मामले की जांच करती है, नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजकर बुलाया जाता है, एफआईआर दर्ज की जाती है, नेताओं को गिरफ्तार किया जाता है तो सारे राजनीतिक दलों के नेताओं को अब शर्म नहीं आती है। उनको ऐसा लगता ही नहीं है कि उन्होंने कोई गलत काम किया है। सब के सब एक ही बात कहते हैं कि केंद्र सरकार उनको डराने की कोशिश कर रही है, विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। संविधान की हत्या कर रही है, लोकतंत्र की हत्या कर रही है। केजरीवाल जैसे नेता को पूछताछ करने के लिए समन भेजने पर भी नहीं आते हैं और ईडी पर सवाल उठाते हैं कि वह गलत समन भेज रही है। उसे समन भेजने का ही अधिकार नहीं है। कोर्ट से एक मामले में जमानत मिल गई है तो वह कहते हैं कि देखों कोर्ट ने हमे जमानत दी है इससे साबित होता है कि हमने कुछ गलत नहीं किया है। उनके कई नेताओं को कोर्ट से जमानत नहीं मिल रही है तो क्या इसका मतलब यह निकाला जा सकता है कि उन्होंने अपराध किया है। आप पार्टी के नेता जिस तरह मानते ही नहीं है कि उन्होंने गलत किया है, इसलिए ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है, उसी तरह कांग्रेस नेता भी यही मानतें हैं कि केंद्र सराकर ईडी, आटी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को डराने का प्रयास कर रही है। लेकिन कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं है। राहुल गांधी भी अपने कांग्रेस नेताओं से यही कहते हैं कि डरो मत। जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने आता है तो केंद्रीय एंजंसी पूछताछ के लिए बुलाती है, डराने के लिए नहीं बुलाती है। कांग्रेस के किसी नेता को पूछताछ के लिए बुलाना कोई अपराध नहीं है, लेकिन कांग्रेस के किसी नेता को पूछताछ के लिए ईडी या आईटी बुलाती है कि कांग्रेस विरोध में सड़क पर उतर जाती है, वह विरोध प्रदर्शन कर ईडी व आईटी के अधिकारियों को डराना चाहते हैं। पं.बंगाल में तो ईडी के अधिकारियों पर हमला करने का साहस भी टीएमसी समर्थकों ने किया। यदि किसी नेता ने कुछ नहीं किया है तो उसे डरने का विरोध करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कोर्ट से वह बरी हो जाएगा। किसी मामले में किसी नेता का नाम आता है तो नेता को कम से कम कोर्ट का फैसला आने तक तो धीरज रखना चाहिए, लेकिन होता यह है कि कोर्ट के फैसले के पहले ही जिस नेता पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप लगा है, वह खुद ही जज बनकर खुद को निर्दोष बता देता है।छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के वक्त महादेव सट्टा मामले में प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में पूर्व सीएम भूपश बघेल के खिलाफ ईओडब्लू ने एफआईआर दर्ज की है तो भूपेश बघेल ने भी वही कहा है जो विपक्ष व कांग्रेस के नेता कहते रहे हैं, चुनाव में हार के डर से मेरा नाम एफआईआर मं जबरन डाला है,, पर मैं डरने वाला नहीं हूं। भूपेश ने सवाल उठाया है कि महादेव सट्टा एप मामले में प्रमोटर रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है, क्या उनसे भी वसूली की गई है। भूपेश बघेल का कहना है कि उनकी सरकार ने तो महादेव सट्टा एप के मामले में बहुत लोगों पर कार्रवाई की थी इसलिए वह तो पैसा लेने वाले हो नहीं सकते। पैसा लेने वाला तो कार्रवाई नहीं करता है, भूपेश सरकार की कार्रवाई की इस आधार यह मान लेना चाहिए कि उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया है। राहुल गांधी चंदा ऐप मामले में इस तरह के तर्क को नहीं मानते हैं कि ईडी ने कार्रवाई की है, 23 तक चंदा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है तो इसका मतलब साफ है कि चंदा वसूली के लिए ईडी का उपयोग नहीं किया गया है। अगर ईडी का उपयोग चंदा वसूली के लिए किया गया होता तो ईडी चंदा देने वालों के खिलाफ चंदा देने का बाद कार्रवाई ही नहीं करती। चंदा सभी ने लिया है लेकिन राहुला गांधी मोदी सरकार को हफ्ता वसूली करने वाली सरकार कह रहे हैं। राहुल गांधी को किसी ने बताया नहीं कि ईडी का दावा है कि छत्तीसगढ़ में महादेव एप से सट्टा खेलाने के एवज में वसूली की जाती थी। हर माह 450 करोड़ रुपए की वसूली की जाती थी,आम भाषा में इसे नाल लेना कहते हैं और अंग्रेजी में प्रोटेक्शन मनी कहते हैं। भूपेश बघेल शायद इसी आशंका के कारण चुनाव लड़ना नहं चाहते थे, कि कहीं महादेव सट्टा मामले में कोई कार्रवाई न हो जाए। ऐसा हुआ है, इधर वह प्रत्याशी बनाए गए इधर एफआईआर हो गई। इस कहते हैं कि सही समय पर वार करना। ऐसा वार करना कि दुश्मन आह आह करता रहे।

## विश्लेषण

ललित गर्ग

# चुनाव में असली लड़ाई सत्य व असत्य के बीच



लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है।



सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले- ''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती है। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो । हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है। किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके।यह वक्त विपक्षी दलों और उनके उम्मीदवारों को कोसने की बजाय मतदाताओं के जागने का है। आज मतदाता विवेक से कम, सहज वृति से ज्यादा परिचालित हो रहा है। इसका अभिप्रायः यह है कि मतदाता को लोकतंत्र का प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं हुआ। सबसे बड़ी जरूरत है कि मतदाता जागे, उसे लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिले। हमें किसी पार्टी विशेष का विकल्प नहीं खोजना है। किसी व्यक्ति विशेष का भी विकल्प नहीं खोजना है। विकल्प तो खोजना है भ्रष्टाचार का, अकुशलता का, प्रदूषण का, भीड़तंत्र का, गरीबी के सन्नाटे का, महंगाई का, राजनीतिक अपराधों का। यह सब लम्बे समय तक त्याग, परिश्रम और संघर्ष से ही सम्भव है। धृतराष्ट्र रूपी दलों की आंखों में झांक कर देखने का प्रयास करेंगे तो वहां शून्य के सिवा कुछ भी नजर नहीं आयेगा। इसलिए हे मतदाता प्रभु! जागो! ऐसी रोशनी का अवतरण करो, जो दुर्योधनों के दुष्टों को नंगा करें और अर्जुन के नेक इरादों से जन-जन को प्रेरित करें।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप की नई तकनीक आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाएगी। आज आपको आय के विभिन्न स्रोत मिलेंगे और अच्छी आमदनी होगी। आप अपने फालतु खर्चों पर नियंत्रण रखें। भविष्य के लिए बचत कर पाएंगे। आपका लंबे समय से रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आप अपने व्यापार और परिवार दोनों में तालमेल बनाकर चलने की कोशिश करेंगें। कार्यस्थल पर सीनियर्स आपके कार्य में मदद करेंगे। आप कहीं यात्रा पर जाएंगे। आपको मनचाहा काम मिलने की संभावना है। आपके दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी।

वृष राशि -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने हर काम को रचनात्मक तरीके से करेंगे। आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी। परिवार में किसी समारोह पर पैसा खर्च हो सकता है। पार्टनरशिप में किए गए व्यापार में लाभ होगा। कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना लें, अनुभवी लोगों से सलाह अवश्य ले। कहीं से धन प्राप्ति का संयोग बनेगा। आज कार्यस्थल पर लोग आपको नोटिस करेंगे। आप अपने परिवार और बच्चों पर पूरा ध्यान देंगे। कहीं घूमने के लिए भी जा सकते है। आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको नई जॉब मिलने के योग हैं।

मिथुन राशि- आपके लिए दिन खास रहने वाला है। आज आपको कुछ बेहतरीन अवसर मिलेंगे। कार्य क्षेत्र में आपकी इच्छाएं पूरी होंगी। वेतन बढ़ने के साथ-साथ आपका रुतबा ऊंचा होगा। आमदनी बढ़ने के कई रास्ते खुलेंगे। लवमेट्स अपने रिश्तो में प्रगाढ़ता महसूस करेंगे आप अपनी बुद्धि, विवेक से हर तरफ सफलता हासिल करेंगे। सरकारी क्षेत्र से भी लाभ के योग है। आपके पारिवारिक जीवन की समस्याओं का समाधान निकलेगा। आज आप कुछ नये कंस्ट्रक्शन कराकर मकान को बढ़िया बनाने का प्लान करेंगे।

कर्क राशि- आज आपको तरक्की दिलाने वाला दिन है। आज कार्य क्षेत्र में काम करने की इच्छा बढ़ेगी। आपका कहीं तबादला हो सकता है। यह आपके हित में होगा। आपके कार्यों में नया बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। संतान की चिंता कम होगी, अच्छी जॉब लगने से घर में उत्सव सा माहौल बना रहेगा। कोई निर्णय आपके पक्ष में होने की संभावना कम है। जो अविवाहित हैं, विवाह के अवसर मिलेंगे। बेवजह की चिंताओं से आपके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपकी सुख सुविधाएं बढ़ेगी। आपको कोई बड़ी संपत्ति मिलने के योग हैं। आज आप परिवार के साथ सद्भावनापूर्वक दिन बिताएंगे। आपके व्यवसायिक कार्यों में कुछ रूकावटें आएंगी, लेकिन जल्द ही समाधान भी निकल जाएगा। मित्रों और रिश्तेदारों से आपके रिश्ते अच्छे होंगे। आपके अंदर आध्यात्मिक विचार विचार आयेंगे। आप व्यवसाय के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए उत्सुक रहेंगे। आप किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप आज छोटी छोटी बातों पर ध्यान देंगे, जिससे आपके कार्यक्षेत्र में फायदा होगा। आप सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे। पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च करेंगे। परिवार में आपसी समझ बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। अगर आप नई जॉब ढ़ूढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। नया वाहन खरीदने की उत्सुकता आपके मन में रहेगी। आप वहां जाकर काफी रिलैक्स महसूस करेंगे।

तुला राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आज आप अपनी क्षमता पर विश्वास करके आगे बढ़ेंगे। आपको कार्य क्षेत्र में सम्मान मिलेगा। आपको आय के नए स्रोत मिलने के प्रबल योग हैं। आज आप कोई नया काम हाथ में लेंगे और सफलता पूर्वक पूरा करेंगे। पार्टनरशिप के बिज़नेस में आपको लाभ होगा। आप कुछ बचत भी करेंगे। किसी मित्र के माध्यम से धन लाभ होगा। आज आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे।

वृश्चिक राशि- आपके लिए तरक्की लाने वाला दिन है। आज आप अपने नए व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आज आप दोस्तों के साथ दिन बिताएंगे। आप छोटी-छोटी बातों में गुस्सा करने से बचें। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तली हुई चीजों का सेवन ना करें। आपकी व्यवसायिक योजनाएं सफल होंगी। अच्छा धन अर्जित करेंगे। आज आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जाएंगे। कुछ रिश्तेदारों से भी मिलेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप परिवार के किसी शुभ कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आपको भाइयों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप खुशहाल वातावरण में दिन बिताएंगे। आप अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रमोशन के साथ धन लाभ की संभावना है। आप सरकारी नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो आज कोई शुभ सूचना मिलेगी। आज किसी प्रोजेक्ट को दोस्तों के साथ मिलकर पूरा करेंगे। आप परिवार के साथ अपने किसी पुराने शहर की यात्रा पर जाएंगे।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपका रुका हुआ धन आज वापस मिलेगा। आप अपने कार्य क्षेत्र में सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। आप अपने साहस और विवेक से बाहर निकलेंगे। नौकरी में आपको मनचाही प्रगति मिलेगी। समाज में भी आपका नाम होगा। परिवार के सदस्यों के बीच मधुर वातावरण बना रहेगा। व्यस्त होने के कारण आप स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देंगे। इससे आपको दिक्कत होगी। काम के साथ-साथ अपने खानपान पर भी ध्यान दें।

कुंभ राशि- आज आप भाग्यशाली रहेंगे। अच्छे व्यवहार और कार्यकुशलता से आपकी प्रगति होगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या आ सकती है। आप शांत और ठंडे दिमाग से आगे बढ़ेंगे। आपको किसी मित्र या भाई से धन लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ अच्छा दिन बिताएंगे। आप दोनों किसी सामाजिक समारोह में भाग लेंगे। आप अपने घर आज कुछ दोस्तों को बुलाएंगे। जो सिंगल है उनके लिए विवाह की बात चलेगी। परिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपने परिवार से बेहतर जुड़ाव महसूस करेंगे। आपको पूरे परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों को करने में कोई रुकावट आएगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से दूर कर, और आगे बढ़ेंगे। आज आप आर्थिक मामलों में अपने बड़ों की सलाह लेंगे। व्यापार को लेकर आज कोई यात्रा होगी। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिलेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

## व्यंग्य

# घट से घाट तक

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



मैंने बाजार में कुछ अजीबोगरीब दुकानें देखीं। जिस तरह साग-सब्जी की दुकानों पर तरकारी के भाव लटके होते हैं ठीक उसी तरह उन दुकानों पर अंतिम क्रियाओं के कीमतें लटकी हुई थीं। उसमें भी एक से बढ़कर एक वैरायटी दी गई थी। मैं इसके बारे में पता लगाने के लिए एक दुकान पर गया जिसका नाम था लास्ट रिचुवल्स एट योवर डोर स्टेप। मैं दुकान के मालिक से मिला। वह कहने लगा- वैरायटी की कैटगरी कीमतों पर निर्भर होती हैं। इसमें तीन तरह की कैटगरी होती हैं। इनका विभाजन सस्ते से महँगे के क्रम में कुछ इस प्रकार है। थर्ड कैटगरी में मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी सब कुछ शामिल होगा। बशर्ते अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। उन्हें नीचे ही बैठना होगा। बीच-बीच में चाय-पानी की व्यवस्था की जाएगी। घी के बदले मिट्टी का तेल इस्तेमाल किया जाएगा। लकड़ी चंदन की नहीं बबूल की होगी। हमारी ओर से रोने वाले केवल बीस लोग आयेंगे। इनके रोने के लिए ग्लिसरीन का खर्चा एक्सट्रा लगेगा। इन्हें समय-समय पर कूल ड्रिंक और वडापाव, भेलपूरी खिलाना होगा। इसका भी एक्सट्रा चार्ज लगेगा। थर्ड कैटगरी के बारे में सुनकर कान खड़े हो गए। अगर यह थर्ड कैटगरी का हाल है तो दूसरी और पहली कैटगरी का क्या हाल होगा? फिर भी हिम्मत करके दूसरी और पहली कैटगरी के बारे में पूछ ही लिया। यदि मैं नहीं भी पूछता तब भी वह बताने के लिए उत्सुक था। उसे देखकर मुझे सामान्य ज्ञान का वह कथन गलत लगा जिसमें बताया गया था कि गिद्ध लुप्त होते जा रहे हैं। उसने आगे कहा - दूसरी कैटगरी में मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी के साथ नामी गिरामी बाबा के साथ दस-पंद्रह सुंदर बालाएँ माहौल को आध्यात्मिक, सौंदर्यात्मक और ध्वन्यात्मक बनाएँगी। इसमें सब कुछ शामिल होगा। बशर्ते अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए के लिए केवल प्लास्टिक कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। बीच-बीच में बादाम मिल्क की व्यवस्था की जाएगी। शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जाएगा। लकड़ी चंदन की होगी। हमारी ओर से रोने वाले पचास लोग आयेंगे। इनके रोने के लिए ग्लिसरीन का खर्चा एक्सट्रा लगेगा। इन्हें समय-समय पर मधुपान कराना होगा। इसका एक्सट्रा चार्ज लगेगा। कुल मिलाकर तीन लाख रुपए होंगे। जहाँ तक पहली कैटगरी का सवाल है तो इसका पैकेज सबसे हाई है। इसमें मरने वाले की अंतिम क्रिया पांस सितारा होटल की मेजबानी की तरह किया जाएगा। इसका खर्चा पाँच लाख रुपए होगा। इसमें मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी सभी आईएसआई मार्ग वाले और पैक्ड रैपर में लपेटकर लाये जायेंगे। आप चाहें तो इसकी क्वालिटी और पैकिंग का नमूना इस सैंपल को छूकर भी कर सकते हैं। इसमें नामी गिरामी नर बाबा और मादा बाबा खूबसूरत बालाओं और हृष्ट-पुष्ट छोरों के साथ माहौल को आध्यात्मिक, सौंदर्यात्मक और ध्वन्यात्मक बनाएँगी। इसमें सभी वाद्य तंत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो कि विदेश से मंगाये जायेंगे। इसमें सब कुछ शामिल होगा। अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए के लिए सोफा, कास्टिंग काउच, रिक्लायनर कुस्त्रियों की व्यवस्था की भी जाएगी। बीच-बीच में खान-पान की शानदार व्यवस्था की जाएगी। शुद्ध घी का इतना इस्तेमाल किया जाएगा। चारों ओर से उसी की सुगंध आएगी। लकड़ी पुष्पा वाले लाल चंदन की होगी। विशेष तस्करी करके मंगायी जायेगी। हमारी ओर से रोने वाले सौ लोग आयेंगे। इनके रोने के लिए ग्लिसरीन का खर्चा एक्सट्रा लगेगा। इन्हें समय-समय पर मधुपान कराना और मेवा खिलाना होगा। इसका एक्सट्रा चार्ज लगेगा। मैं कुछ सोच ही रहा था कि वह मुझे टोकते हुए बोला - इसमें ज्यादा सोचने वाली जैसी कौनसी बात है। हमारे पास अगले तीन महीनों की अडवांस बुकिंग है। अस्पतालों में जितने भी आईसीयू के केसेस हैं वे सारे हमारे पास अंतिम यात्रा के लिए अडवांस दे चुके हैं। हाँ आप पहली बार आ रहे हैं इसलिए आपको एक ऑफर दे सकता हूँ। वह है एक की कीमत में दो का कराएँ। किंतु कुछ शर्तें लागू होंगी। मसलन दोनों का एक ही दिन मरना जरूरी है। दोनों का क्रियाक्रम एक ही स्थान पर होगा। अब बताइए आप किस कैटगरी वाली सेवा लेना चाहेंगे? वह मुझ पर और दबाव बनाता मैं वहाँ से नौ दो ग्यारह हो गया।

## थ्रेडिंग से पहले जान लें ये बातें, वरना बिगड़ सकता है आईब्रो का शेप

हर किसी के चेहरे पर अलग तरह की आईब्रोज की सेप अच्छी लगती हैं. किसी को मोटी आईब्रोज पसंद हैं, तो किसी को पतली. अगर आईब्रोज़ चेहरे के हिसाब से सही नहीं हैं, तो ये आपके लुक को खराब भी कर सकती हैं. इसलिए आईब्रोज को सही शेप देना बहुत ज़रूरी है. चेहरे की बनावट के अनुसार आईब्रोज़ की शेप तय करना चाहिए. अगर आप भी अपनी आईब्रोज़ को परफेक्ट शेप देना चाहते हैं, तो ब्यूटी पार्लर जाने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें. आइए जानते हैं कि ये जरूरी बातें क्या हैं. अगर आपका चेहरा लंबा है, तो सीधी और लंबी आईब्रोज आपके लिए बेहतरीन चुनाव होगी. यह शेप आपके चेहरे की लंबाई को ऑप्टिकली कम करके दिखाती है, जिससे आपका चेहरा अधिक संतुलित और आकर्षक लगता है. अगर आपका चेहरा गोल है, तो आपके लिए थोड़ी ऊंची और धनुषाकार आईब्रोज परफेक्ट चॉइस हैं. इस तरह की आईब्रोज आपके चेहरे को लंबा और संकीर्ण दिखाने का काम करती हैं, जो गोल चेहरे की चौड़ाई को कम दिखाने में मदद करती हैं.

## गंभीर समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

# कैसे रुकेगा हैवानियत दरिंदगी का अंतहीन सिलसिला!



यूपी के इटावा में सैफई मेडिकल कॉलेज की एनम छात्रा की हत्याकर शव सड़क किनारे फेंक दिया। छात्रा कॉलेज की ड्रेस में थी। अब इस मामले में एकतरफा प्यार की बात सामने आई है। आप को याद होगा करीब तीन माह पहले बीएचयू की एक छात्रा के साथ भी तीन युवकों ने जोर जबरदस्ती की थी। इस शर्मनाक मामले में तीन युवकों ने दोस्त के साथ जा रही लड़की को रोका। गन पॉइंट पर लड़की को दोस्त लड़के को अलग किया। फिर जबरन किस करने के बाद उसके कपड़े उतरवाए। उसका वीडियो बनाया। इस मामले में बीजेपी आइटी सैल से जुड़े युवकों को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना को लेकर काफी हंगामा मचा था अब इटावा की एनम छात्रा की नृशंस हत्या बता रही है कि प्रदेश में बेटियों के साथ क्रूरता और हैवानियत का नंगा नाच जारी है।

आरोपी हत्यारे को उसके एक साथी समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि सैफई मेडिकल कॉलेज की एनम छात्रा को आरोपी ने शक में मार दिया। उसने पहले लड़की को हॉस्टल से बुलाकर कार में बैठाया। इस बीच दोनों में झगड़ा हुआ। प्रेमी ने हाथ उठाया तो लड़की ने भी थप्पड़ मार दिया। तभी गुस्से में लड़के ने डैशबोर्ड से पेचकस निकालकर उसकी गर्दन में मार दिया।छात्रा करीब 25 मिनट तक तड़पती रही। इसके बाद दम तोड़ दिया। कार में आरोपी का चाचा भी था। लाश ठिकाने लगाने के लिए वह सैफई की सड़कों पर 7 घंटे तक घूमते रहे। रात के अंधेरे में सैफई से 12 किलोमीटर दूर वैद्यपुरा नदी के पुल पर शव फेंक कर फरार हो गए। इटावा में शिकार बनी एनम छात्रा की मां का आरोप है कि उनका पड़ोसी बेटी को परेशान करता था। उसके पीछे पड़ा था। गुरुवार को महेंद्र हॉस्टल से बेटी को ले गया था। उसी ने मारा है।पुलिस ने मां की शिकायत पर 2 नामजद समेत 3 पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें दबिश दे रही हैं। फिलहाल, पोस्टमॉर्टम के बाद छात्रा का शव औरैया स्थित घर पहुंच गया है।

इटावा में सैफई मेडिकल कॉलेज की एनम छात्रा का 14 मार्च की रात सड़क किनारे शव मिला है। लाश खून से लथपथ थी। गर्दन पर गोली लगने के निशान हैं। छात्रा कॉलेज की ड्रेस में थी।राहगीरों ने शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इधर, कॉलेज के छात्रों को घटना के बारे में पता चला, तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।देखते-देखते सैकड़ों छात्र जुट गए और कॉलेज के अंदर धरने पर बैठ गए। इमरजेंसी सेवाएं बंद कर दी गई । हंगामा बढ़ता देखकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा फोर्स के साथ कॉलेज पहुंचे। छात्रों को समझाने की कोशिश की। छात्रा प्रिया (18) औरैया के कुदरकोट की रहने वाली थी। वह एनम फर्स्ट ईयर की छात्रा थी और हॉस्टल के थर्ड फ्लोर पर रूम नंबर 302 में रहती थी। पुलिस जांच में पता चला है कि वह गुरुवार सुबह 8 बजे OPD में ड्यूटी करने गई थी। करीब 1 बजे वहां से लौटकर आई। उसकी 2 बजे से क्लास थी। मगर वह क्लास में नहीं पहुंची।इसके बाद क्लासमेट ने उसे फोन किया, तो नंबर ऑफ मिला। वार्डन नीलम शाह को जानकारी दी गई। वार्डन ने छात्रा के घरवालों को सूचना दी। छात्रा की तलाश शुरू की गई। इसी बीच, बैधपुरा थाना क्षेत्र में मदर डेयरी के पास उसका शव मिला।

एसएसपी के मुताबिक छात्रा का शव मदर डेरी के पास से बरामद किया गया है। अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि रेप हुआ या नहीं लेकिन ऐसा लग रहा है कि हत्या के बाद शव को लाकर फेंका गया है। गर्दन पर गहरा घाव है। किसी धारदार हथियार या फिर गोली मारकर हत्या करने की आशंका है। पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

छात्रा की मां का आरोप है कि उनका पडोसी महेंद्र उनकी बेटी को तीन-चार साल से परेशान कर रहा था। कई बार हमने उसके पिता, भाई, और अन्य लोगों से शिकायत की। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमने भी सोचा कि अब सारी बात खत्म हो गई है, अब वो परेशान नहीं करता होगा।मेरी बेटी घर पर ही रहती थी। इसी साल उसका नर्सिंग में एडमिशन हुआ था, तो हॉस्टल में वहां रहने लगी। यहां हॉस्टल के बच्चों ने बताया कि महेंद्र यहां आता था। कई बार यहां आया। मेरी बेटी को फोन करता था। उससे बात भी करता था। गुरुवार को 10-11 बजे के करीब वही मेरी बेटी को ले गया था।छात्रा के पिता अनिल पाल के मुताबिक , 5-6 महीने पहले मेरी बिटिया किसी काम से घर से निकली थी, तभी मोहल्ले के लड़के ने उसे रोक लिया। उससे मोबाइल नंबर मांगने लगा। मेरी बिटिया ने नंबर नहीं दिया। बेटी ने घर आकर पूरी बात बताई, तो घरवालों ने कहा कि पुलिस से शिकायत करो, मगर हमने नहीं किया।हमें लगा कि लोग सोचेंगे कि हमारी बिटिया ही गलत है। ये इससे पहले भी कई बार छेड़छाड़ कर चुका था। हमने अपनी बिटिया को समझाया कि तुम घर से न निकला करो। इसके बाद घरवाले शांत हो गए। इसके बाद बेटी हमारी पढ़ने के लिए सैफई चली गई। कल करीब ढाई तीन बजे कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि आपकी बच्ची गायब है, घर तो नहीं गई है।इसके बाद हम लोग सैफई पहुंच गए। वहां मेरी बेटी के कमरे में दो बच्चियां और रहती थीं। उन्होंने हमें बताया कि महेंद्र नाम का लड़का उसे ले गया है। आरोप है कि महेंद्र बेटी को 3-4 साल से परेशान कर रहा था। मृतका की मां ने बताया कि महेंद्र शादी-शुदा है। कई बार उसके परिवार से, उसके भाई अरविंद से शिकायत की। बेटी ने भी अरविंद को फोन किया था। उससे कहा था कि भइया महेंद्र को मना कर दो। हमारे पास फोन न किया करे। मैंने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया है। उसको समझा दो वरना कुछ हो जाएगा। एसएसपी संजय कुमार ने बताया है कि छात्रा की मां ने अपने पड़ोसी महेंद्र, उसके भाई और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला एक तरफा प्यार का है। वो बार-बार छात्रा को परेशान करता था। इसी कारण उसने लड़की की हत्या कर दी है। मुख्य आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। मामले में रासुका की कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

सवाल यह है कि प्रदेश में मिशन शक्ति का चौथा चरण क्रियान्वयन करने के बावजूद महिलाओं खासकर बेटियों के साथ जघन्य वारदातों को अपराधी बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। सात घंटे तक हत्यारा छात्रा के शव को गाड़ी में लेकर सुरक्षित स्थान पर ठिकाने लगाने के लिए शहर भर में घूमता रहा क्या यही कानून व्यवस्था है? आखिर इतना सख्त निर्देश और बेटी



बचाओ के थीम पर प्रतिबद्ध योगी सरकार की पुलिस का अपराधियों में खौफ क्यों नहीं है?

आप को याद दिला दें कि कुशीनगर में जब मंचलो की छेड़छाड़ से बचाव करते हुए एक साइकिल सवार छात्रा दुर्घटना का शिकार बनकर जान गंवा गई थी तब मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सख्त कार्रवाई की बात कहते हुए कहा था कि यदि कोई बदमाश किसी बेटी के साथ अपराध की हिम्मत करेगा तो अगले चौराहे पर यमराज खड़ा मिलेगा। बाद में कई वारदातों के बाद ऐसे अपराधियों के खिलाफ एनकाउंटर भी किए गए और योगी बाबा के आदेश पर अमल किया गया लेकिन इस के बावजूद बेटियों के खिलाफ अपराध बदस्तूर जारी हैं। सरकार को पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा करनी होगी ताकि अपराधियों तक सख्ती का संदेश पहुंच सके।

## एक नजर

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संपादन के मद्देनजर सोमवार को मॉडल कॉलेज भवन धरमपुरा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में बेरीकेटिंग करने, मतदान सामग्री वितरण के लिए आवश्यक तैयारी सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा करने हेतु सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान सामग्री वितरण के दौरान जिले के मतदान केन्द्रों हेतु रवानगी के लिए पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग तथा लोक निर्माण विभाग के श्री एके सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 25 मार्च होली पर शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर, 19 मार्च।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 25 मार्च 2024 को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा 25 मार्च 2024 को होली पर्व के मौके पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस के अवसर पर बस्तर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लाइसेंस अर्थात् देशी मदिरा सी.एस.2 (घघ) और विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), एफ.एल. 3 (होटल बार), एफ.एल. 7 (सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भण्डारण भण्डागार जगदलपुर को 24 मार्च को समयावधि पश्चात् बंद करने सहित 25 मार्च को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है।

### बस्तर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**जगदलपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-02 के तहत बस्तर जिले के लिए कैलेंडर वर्ष 2024 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसके तहत 10 सितम्बर 2024 मंगलवार को नवाखाई,14 अक्टूबर 2024 सोमवार को बस्तर दशहरा बाहर रैनी और 01 नवम्बर 2024 शुक्रवार को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त तिथियों में कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे।

### बैंकों के शाखा प्रबंधकों को संदेहजनक लेन-देन संबंधी सूचना देने को कहा गया

**उत्तर बस्तर कांकेर, 19 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शाखा प्रबंधकों को निर्वाचन के दौरान संदेहजनक लेन-देन के संबंध में आवश्यक सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रतिदिन देने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ बैंक खाता खोलने के लिए समर्पित काऊंटर की व्यवस्था करने, खाते में जमा तथा आहरण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार करने की भी बात कही गई। इसके अतिरिक्त बैंकों द्वारा यथार्थ एवं उचित नगदी, परिवहन संबंधी जानकारी बैठक में दी गई। बैठक में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम, श्री लारेंस कुमार एवं लीड बैंक मैनेजर श्री खलखो उपस्थित थे।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से हटाए गए पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 19 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 812 दीवार लेखन, 992 पोस्टर, 740 बैनर और 672 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं।

# देश के प्रत्येक व्यक्ति के अंदर राम मंदिर जागृत होना जरूरी:दीदी मां मंदाकिनी

- कलियुग में यदि सबसे सरल साधना कोई है तो वह है राम नाम
- मानस का प्रत्येक अक्षर मंत्र है जिसमें गूढ़ जीवन दर्शन छिपा हुआ है
- रामकिंकर जी के प्रभुत्व व दर्शन पर मंगलवार को संगोष्ठी



**रायपुर 19 मार्च।** संपूर्ण सनातन धर्म के लिए यह वर्ष अद्वितीय वर्ष है इसलिए कि उनकी आस्था और अस्मिता को सैकड़ों वर्ष की संघर्ष के बाद सुदृढ़ करने के लिए जन्मस्थल में रामलला विराजे हैं। राम और रामकिंकर दोनों एक ही है इसलिए भी सुखद संयोग कह सकते हैं कि गुरुदेव रामकिंकर जी महाराज का शताब्दी मनाने के लिए राम जी स्वंय अयोध्या में प्रवेश कर गए। राम मंदिर का निर्माण हो जाना ही पर्याप्त नहीं हैं, जब श्रीराम के गुणों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक व्यक्ति के अंदर राम मंदिर जागृत होगी तभी इसकी सार्थकता है। रामचरित मानस में केवल राम का ही चरित्र नहीं बल्कि हमारे आपके जीवन की कथा है। जीवन दर्पण है रामचरित मानस, कलियुग में यदि सबसे सरल साधना कोई है तो वह है राम नाम।

दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर ने रामचरित मानस, मानव जीवन और रामकिंकर जी महाराज के शताब्दी वर्ष आयोजन को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को सनातन धर्म से जोडने् के लिए तर्क संगत ढंग से सरल बनाकर जब तक नहीं समझायेंगे उन्हे श्रद्धा व भावना के आधार पर स्वीकार्य नहीं करा सकते हैं। रामचरित मानस कोई ग्रंथ, काव्य या साहित्य नहीं बल्कि वो विलक्षण कृति है जिसका प्रत्येक अक्षर मंत्र है जिसमें गूढ़ जीवन दर्शन छिपा हुआ है। इसमें केवल रामजी का चरित्र चित्रण नहीं है बल्कि हमारे व आपके जीवन की कथा है। सारे ग्रंथों का रस है रामचरित मानस। सनातन धर्म का प्रकाश आने वाली पीढ़ी को आलोकित करने उनके जीवन में इस प्रकार से आए कि उनका आत्मबल व मनोबल बढ़े, इसके लिए मानस को समझना होगा। भौतिक उन्नति कितनी भी कर लें लेकिन जब तक आंतरिक रूप से आध्यात्मिक बोध नहीं होगी जीवन में पूर्णता का अनुभव नहीं ले सकते हैं। इसीलिए रामकिंकर महाराज जी कहा करते थे व्यक्ति के साथ व्यक्तित्व का विकास भी होना जरूरी है। यदि कोई कमियां हैं तो आत्मनिरीक्षण कर आगे बढ़ें।

दीदी मां मंदाकिनी ने कहा कि दशरथ व दशमुख केवल त्रेता के ही पात्र नहीं हैं, वे संपूर्ण मानव जाति में समाहित हैं। प्रत्येक व्यक्ति में भी दस है लेकिन सभी की चरित्र में समानता नहीं हैं। दस से तात्पर्य दस इंद्रियों से हैं जिनमें पांच ज्ञानेद्रीय व पांच कामेन्द्रीय हैं। इसके साथ विवेक भी दिया हुआ है। जिसने विवेक का सदुपयोग कर लिया और लक्ष्य की प्राप्ति कर ली है वह दशरथ के समान धन्य हो गया और जिसने भोग का साधन बना लिया वह दशमुख के समान विनाश कर लिया। जनमानस की कथा है रामचरित मानस, पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष, हर धर्म व संप्रदाय में समान रूप से स्वीकार्य व सभी के लिए समान रूप से कल्याणकारी है। मनुष्य का अंतिम लक्ष्य क्या है सुख और शांति और जब तक राम और सीता की कृपा नहीं पायेंगे पूर्ण रूप से सुख नहीं पा सकेंगे। भगवान का नाम, धाम, कथा दिव्य है, जब कृपा हो जाये तो जीवन के सारे समस्याओं का समाधान मिल जायेगा। इसीलिए कहा गया है कि कलियुग में यदि सबसे सरल साधना कोई है तो वह है राम नाम। भगवान राम सुख और माता सीता शांति की प्रतीक है।

### हमारी संस्कृति की प्रतीक हैं मां गंगा

दीदी मां मंदाकिनी ने कहा कि प्रसाद व मिठाई तथा भोजन व प्रसाद में अंतर तो हैं। जो दुकान में मिलेगी वह मिठाई व भगवान की चरणों में मिलेगी व प्रसाद। भोजन को प्रसाद बनाने के लिए जीवन से संकीर्णता को मिटाना होगा तभी 365 दिन भगवान से जुड़े रह सकेंगे। ठीक वैसे ही जैसे मंदिर व गंगा में अंतर है। मंदिर में जाने के अपने कुछ नियम कायदे हैं, वह आस्था का केन्द्र है। लेकिन गंगा चौबीसो घंटे सबके लिए समान रूप से उपलब्ध है, कहीं कोई भेद नहीं। हमारी संस्कृति की प्रतीक हैं गंगा इसीलए उन्हे मां कहा गया है।

### स्कूली बच्चों तक भी पहुंचायेंगे राम नाम

दीदी मां मंदाकिनी ने कहा कि स्कूली बच्चों की अभी परीक्षाएं चल रही है जब उनकी परीक्षाएं हो जायेंगी तो निबंध जैसी प्रतियोगिता के माध्यम से राम नाम को हर बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, इसकी शुरूआत महाराज की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के जबलपुर से करने जा रहे हैं, पश्चात और भी जगहों पर फैलाया जायेगा। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अभी जो पूरे देश भर में रामलेखन चल रहा है वह 1 नवंबर 2024 तक सवा अरब का लक्ष्य पूरा करना है जो कि अयोध्या में आयोजित समापन कार्यक्रम में महाराजश्री के चरणों में समर्पित किया जायेगा।

### मंगलवार को संगोष्ठी का कार्यक्रम

मंगलवार, 19 मार्च को सिंधु पैलेस में युगतुलसी महाराज श्रीरामकिंकर जी के प्रभुत्व व दर्शन पर संगोष्ठी व सम्मान का कार्यक्रम हैं जिसमें छत्तीसगढ़ के हर जिले से चार-चार विद्वतजन शामिल होंगे और भी रामानुरागी आएंगे। पहला सत्र दोपहर 1 से 4 व दूसरा सत्र 5 से 9 बजे तक होगा।

# बृजमोहन ने माना महादेव एप बंद करना जरूरी नहीं

**रायपुर 19 मार्च।** मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का यह कहना कि महादेव एप बंद करना जरूरी नही, भाजपा और महादेव एप के सांठगांठ को उजगार करता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के बयान से यह साफ हो गया भूपेश बघेल के खिलाफ ईओडब्लू में एफआईआर इसलिये दर्ज की गयी थी कि उन्होंने महादेव सट्टा एप के खिलाफ पूरे प्रदेश में कार्यवाही कराया था, महादेव सट्टा एप को बंद करने के लिये उन्होंने केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था, इससे भाजपा को पीड़ा हो रही थी। आज बृजमोहन अग्रवाल ने इस बात को स्वीकार किया था एप को बंद करना आवश्यक नही है उसमें जो गलत काम कर रहे है उसके ऊपर कार्यवाही हो। इसका मतलब यह है कि महादेव सट्टा एप को जो हमारा आरोप था भाजपा, केन्द्र सरकार का सरंक्षण है वह साबित होता है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केन्द्र के संरक्षण से महादेव सट्टा एप चल रहा है। प्रदेश में और केन्द्र में भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार है। सरकार को तीन से चार महीने हो गये क्यो बंद नही किया जा रहा है। क्यो रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर और शुभम सोनी को गिरफ्तार करके हिन्दुस्तान नही लाया जा रहा है। शुभम सोनी का वीडियों भाजपा ने अपने आफिशियल हैंडल से अपने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करके जारी किया था। भाजपा बताये कि उसके पास यह वीडियों कहां से आया था। ईडी और महादेव सट्टा एप के कर्ताधर्ता ईओडब्लू भाजपा के नेताओं ने मिलकर पूरा षडयंत्र रचा है। भूपेश बघेल की छवि खराब करने के लिये और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिये।

### विभिन्न अनुमति के लिये अधिकारी अधिकृत

**धमतरी 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र, वाहन, रैली, जुलूस, नुक्कड़ सभा, आमसभा, हेलीकॉप्टर, वायुयान इत्यादि की अनुमति प्रदाय करने के लिये अधिकारियों को अधिकृत किया है। उन्होंने हेलीकॉप्टर एवं हेलीपेड, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के लिये जिला स्तरीय एक वाहन की अनुमति सहित अंतर्जिला वाहन की अनुमति के लिये डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रीति दुर्गम को अधिकृत किया है।

### वीडियो निगरानी दल गठित

**धमतरी 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अभ्यर्थियां द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रचार-प्रसार एवं अन्य निर्वाचन गतिविधियों की निगरानी एवं अभियान के तहत किये गये व्यय का आंकलन, कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा महत्वपूर्ण घटनाओं की वीडियोग्राफी के लिये वीडियो निरीक्षण दल गठित किया है। लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिये सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री नेमीचंद नेताम, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद के लिये संरक्षण अधिकारी श्री यशवंत बैस तथा विधानसभा धमतरी के लिये सहकारी निरीक्षक श्री भुनेश्वर सिंह नेताम और सहायक सांख्यिकी अधिकारी श्री एल.एल.पनिका को दल में शामिल किया गया है।

# जिले में हेलीकॉप्टर लैंडिंग एवं सभा के लिये स्थल का किया चिन्हांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 19 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले के लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा और लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, स्टार प्रचारक एवं राजनीतिक दलों के अन्य नेता तथा सदस्यों द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के लिये हेलीपेड एवं सभा के लिये स्थल का विधानसभावार चिन्हांकन किया है।

विधानसभा क्षेत्र धमतरी में एकलव्य खेल मैदान, गौशाला मैदान, सामुदायिक भवन, इण्डोर स्टेडियम, मिशन ग्राउंड, पुरानी मंडी, कृषि उपज मंडी श्यामतराई, सुभाष चौक कण्डेल, आमदी के स्कूल चौक कलामंच, शांति चौक कलामंच, मेला स्थल देवपुर और नया बाजार चौक तरसींवा को सभा स्थल चिन्हांकित किया गया है। इस विधानसभा में पुलिस ग्राउंड पुलिस लाइन रूद्री, स्टेडियम कण्डेल, हायर सेकेण्डरी मैदान आमदी, हाईस्कूल मैदान देवपुर और हाईस्कूल मैदान तरसींवा को हेलीपेड के लिये चिन्हांकित किया गया है।

विधानसभा कुरूद में सभा स्थल के तौर पर पुराना मंडी प्रांगण, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, भखारा के खेल मैदान सिलीडीह, स्टेडियम हंचलपुर, रामलीला मैदान भखारा, कृषि उपज मंडी भखारा, स्टेडियम भखारा और मगरलोड के रामलीला मैदान हाईस्कूल के पास मगरलोड का चिन्हांकन किया गया है। यहां हेलीपेड के लिये विश्राम गृह कुरूद, खेल मैदान कुरूद, विश्राम गृह सिहाद, सिलीडीह केसरा रोड, हंचलपुर बोरझरा रोड और स्टेडियम तहसील कार्यालय के पीछे मगरलोड का चिन्हांकन किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र सिहावा में सभा स्थल के लिये शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल, श्रृंगीऋषि स्कूल मैदान, हाईस्कूल खेल मैदान सांकरा, गट्टासिल्ली ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने स्थित खेल मैदान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घठुला खेल मैदान और रामलीला मैदान मगरलोड चिन्हांकित किया गया है। इस विधानसभा में हेलीपेड के लिये खेल मैदान हाईस्कूल कुकरेल, डमकाडीह स्टेडियम नगरी, धान खरीदी केन्द्र सांकरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गट्टासिल्ली खेल मैदान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घठुला खेल मैदान और मिनी स्टेडियम मगरलोड चिन्हांकित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गांधी ने बताया कि नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र में चयनित स्थल पर ही सभा या हेलीकॉप्टर लैंडिंग की अनुमति दी जावेगी, परन्तु उपरोक्त चयनित नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र के बाहर सभा या हेलीकॉप्टर लैंडिंग कराना हो तो उपयुक्त स्थल का स्पष्ट उल्लेख करते हुए आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, अनुमति देना या ना देना सक्षम अधिकारी के विवेकाधिकार पर होगा। सक्षम अधिकारी कारण सहित आवेदन अस्वीकृत करने या अन्य उपयुक्त जगह का प्रस्ताव देने के लिए सक्षम होंगे। अनुमति के लिये आवेदन पत्र 3 दिन पूर्व जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। अनुमति प्राप्ति के बाद ही स्थल का उपयोग करेंगे।

### शराब निरीक्षण दल गठित

**धमतरी 19 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा अंतर्गत शराब निरीक्षण दल गठित किया है। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा को दल कर नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिये आबकारी उप निरीक्षक श्री अजय मारकंडे, आबकारी आरक्षक श्री प्रशांत कुमार यादव और श्री राजेश कुमार यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद के लिये आबकारी उप निरीक्षक श्री निशांत शाधु, श्री लालजी दीवान और आबकारी आरक्षक श्री मुरलीधर सोनी तथा विधानसभा धमतरी के लिये आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती प्रद्युमन्न दुग्गा, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री अनिल कुमार सिंह और नगर सैनिक श्री राहुल साहू की ड्यूटी लगाई गई है।

## आरोपी का सार्वजनिक बयान चोरी ऊपर से सीना जोरी जैसाः बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर 19 मार्च।** कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मुकदमा दर्ज होते है हाय तौबा मचाना ,उन्हे हार से बचा नही पाएगा। भयंकर हार के डर से वह विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे है जिससे उन्हें कोई लाभ नहीं होगा कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जहां तक महादेव ऐप का विषय है, तो कांग्रेस के समय से ही इसकी जांच प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, ऐसा तब की कांग्रेस सरकार का भी दावा था। आंध्र और तेलंगाना ने इस केस को ईडी को सौंप दिया तब इसके बाद ईडी इसमें हाथ ना डालें इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नहीं छत्तीसगढ़ में किस दर्ज किया। अब अपने ही बने हुए जाल में खुद फंस गए हैं और बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। भूपेश बघेल को बताना चाहिए कि इस मामले में जुड़े हुए जितने गिरफ्तार हुए हैं और जितने अधिकारियों का नाम उसमें शामिल है उनसे भूपेश बघेल जी का क्या संबंध है? यह भूपेश बघेल को सार्वजनिक करना चाहिए। रानू साहू जिनके ऊपर कोयला घोटाला का मामला सामने आ चुका था उसके बाद रानू साहू को हटाकर अच्छी जगह में पदस्थ करने वाले कौन लोग हैं। छत्तीसगढ़ में चाहे कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गोबर घोटाला, गोठान घोटाला, पीडीएस घोटाला हो चाहे डीएमएफ घोटाला हो और न जाने कितने घोटाले हुए हो अभी तो सिर्फ एक घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री का नाम आया है जिससे वह घबरा गए हैं। अब जब कारवाई आगे बढ़ी हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होना साबित करता है कि सारी दाल ही उसकी काली है। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर इसका हिस्सा कहां तक पहुंचता था, यह अभियुक्तों के वीडियो से भी सामने आया ही था। समाचारों में काफी कुछ इससे पहले भी आ ही चुका है। ईडी की जांच में स्पष्ट रूप से सामने आया था कि असीमदास नामक व्यक्ति के कब्जे से जो 5.39 करोड़ रुपए ईडी ने बरामद किए थे, उसे भूपेश बघेल को पहुँचाने के लिए दिया गया था, ऐसा असमीमदास ने कहा था। इसी तरह से जो वीडियो शुभम सोनी का दुबई से जारी हुई था, उसमें भी करोड़ों की रकम आरोपी भूपेश बघेल को देने की बात सामने आयी थी। आज भी आप गूगल पर 508 करोड़ टाइप करें तो भूपेश जी के कारनामे सामने आएँगे। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अभी तक जितनी जांच हुई है और जाँच में जितने नाम आए हैं, पकड़े गए आरोपियों ने जो बयान दिए हैं इसकी सत्यता के बारे में कभी भी भूपेश बघेल जी ने एक शब्द नहीं कहा, सिर्फ यही कहा कि यह सब झूठ है तथ्यात्मक बयान आज तक भूपेश बघेल ने क्यों नहीं दिया? छत्तीसगढ़ की 10 लाख युवाओं को महादेव एप सट्टे में उलझा कर उनके पैसे को खाने की कोई दोषी हो तो वह भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी है ।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तब की कांग्रेस सरकार में शक्तिशाली रहे नेताओं और अफसरों पर अन्य मामलों में भी लगाए गए आरोप इतने अधिक मजबूत हैं कि सुप्रीम कोर्ट तक इन्हें जमानत नहीं दे रहा है। महीनों से सभी जेल में बंद हैं। बार-बार जमानत मांगने पहुंचने पर सुप्रीम कोर्ट ने तो कोयला घोटाले की आरोपीपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया था। उलट राजनीतिक द्वेषवश मुकदमें आदि दर्ज करना भूपेश बघेल जी का ही कृत्य रहा था। सरकार में आते ही उन्होंने फर्जी मुकदमों की बौछार कर दी थी। दर्जनों एसआइटी गठन कर दिया था। बिजली कटौती का पोस्ट फेसबुक पर लिखने तक के लिए राजद्रोह का मुकदमा किया जाता रहा। किंतु कोई भी मुकदमें तब कोर्ट में टिके नहीं। लगभग सारे एसआइटी को कोर्ट ने गलत माना। तब हाईकोर्ट ने यह तक टिप्पणी की थी कि मुकदमें राजनीतिक द्वेषवश दर्ज किए गए हैं। यह कांग्रेस का चरित्र रहा है हमेशा। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार मोदी गारंटी पूरा करने में व्यस्त है। भाजपा किसानों के खाते में प्रति एकड़ 20 हजार रुपए दे रही हैं, महतारी वंदन योजना के तहत माताओं एवं बहनों के खातों में 12000 रूपए सालाना डाल रहे हैं हमने जो वादा किया है उसे हमने करके दिखाया है। किसानों के दो वर्षों के धान का बोनस, तेंदूपत्ता संग्रहको 4500 की जगह ?5500 देने के वादों को पूरा करके दिखाया है। भाजपा के पास कांग्रेस जैसा षड्यंत्र रचने की न तो फुरसत है और न ही ऐसी कोई मंशा है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पतन के साथ ही सुशासन लौट आया है, कानून भी अपना काम कर रहा है। भगवान का नाम लेकर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी रचने वालों पर पर महादेव का प्रकोपह बरसना तय है। इस दौरान पत्रकार वार्ता में रायपुर सांसद सुनील सोनी, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद रहें।

### मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 400 रु देने की कांग्रेस की गारंटी

**रायपुर 19 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा की कांग्रेस कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को प्रतिदिन 400रु की मजदूरी दिया जाएगा। वर्तमान में मनरेगा में काम करने वाले को लगभग 200 रु प्रतिदिन की मजदूरी मिलती है। जो कांग्रेस सरकार बनने पर बढ़कर दोगुनी यानी 400 रु प्रतिदिन हो जाएगी। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी की शुरुआत यूपीए सरकार के दौरान हुई थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत डेढ़ सौ दिनों तक रोजगार देने के संकल्प को पूरा किया था और कोविड काल के दौरान 27 करोड़ से अधिक श्रम दिवस देकर राष्ट्रीय स्तर पर किर्तिमान स्थापित किया था।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा श्रम की सम्मान की है और श्रमिकों के भलाई के लिए काम किया है। मोदी सरकार ने जो श्रम विरोधी कानून लाया है उसकी समीक्षा की जाएगी और श्रमिकों के हित में सुधार किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन प्रतिदिन 400रु की गारंटी होगी, शहरी रोजगार गारंटी, श्रमिकों को स्वास्थ्य का अधिकार दिया जाएगा इसमें मुफ्त में जांच इलाज और दवा की व्यवस्था रहेगी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सरकारी क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों पर होने वाले ठेका पद्धति बंद होगी, निजी क्षेत्र में ठेका में काम करने वाले मजदूर को भी सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी।

# अम्बेडकर अस्पताल के मरीज के दोनों कूल्हे की हड्डी का सफल प्रत्यारोपण

**रायपुर 19 मार्च।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग के डॉक्टरों ने सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित 37 वर्षीय मरीज के दोनों कूल्हे की हड्डी का सफल प्रत्यारोपण किया है। मेडिकल भाषा में इस ऑपरेशन को टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी कहते हैं। अस्थि रोग विभाग के डॉक्टर (प्रो.) राजेन्द्र अहिरे के नेतृत्व में हुए इस सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी में सिकल सेल एनीमिया के कारण जशपुर, कुनकुरी निवासी मरीज का कूल्हा घिस कर पूरी तरह खराब हो चुका था। कूल्हे की हड्डी के सफल प्रत्यारोपण के बाद मरीज अब पहले की तरह चल-फिर रहा है।



ऑपरेशन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए डॉ. राजेन्द्र अहिरे बताते हैं कि मरीज बचपन से ही सिकल सेल एनीमिया का मरीज है जो कि एक जेनेटिक रोग है। इसमें शरीर में मौजूद रेड ब्लड सेल्स की संरचना पर प्रभाव पड़ता है जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन का परिवहन करती है। मरीज की इसी बीमारी के कारण उसके कमर की दोनों ओर की हड्डी घिस कर खराब हो गई थी। मरीज को चलने में तकलीफ 2014 से हुई तो उसने अम्बिकापुर के निजी अस्पताल में दिखाया जहां उसे रायपुर जाने के लिए कहा गया। मरीज की तकलीफ धीरे-धीरे बहुत ज्यादा बढ़ गई और इतना बढ़ गई कि मरीज चलने-फिरने में असमर्थ हो गया। फिर मरीज अम्बेडकर अस्पताल में हमारे ओपीडी में पहुंचा, जहां उसे भर्ती करके उसके खून, एम आर आई, एक्स रे एवं अन्य सभी प्रकार की जांच की गई। जांच रिपोर्ट देखने के बाद उसके कूल्हे की दोनों हड्डी बदलने की सलाह दी गई। इसके बाद मरीज 19 फरवरी 2024 को अम्बेडकर अस्पताल में भर्ती हुआ और दोनों कूल्हे की हड्डी बदली गई जो कि सफल रहा। मरीज अब पूरी तरह से अपने दोनों पांच जमीन पर रख कर चल फिर रहा है और स्वस्थ है। डॉ. राजेन्द्र अहिरे के अनुसार, इस ऑपरेशन को यदि निजी अस्पताल में करवाते तो वहां लाखों रुपये खर्च हो जाते लेकिन अम्बेडकर अस्पताल में यह ऑपरेशन आयुष्मान योजना की सहायता से निःशुल्क हुआ।

ऑपरेशन के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए मरीज का कहना है कि सिकल सेल बीमारी के कारण मैं काफी परेशान हो चुका था। कूल्हे के जोड़ों की हड्डी के घिस जाने के कारण मेरा चलना-फिरना मुश्किल हो गया था। ऑपरेशन के बाद एक उम्मीद की किरण लौटी है कि अब मैं फिर से पहले की तरह चल सकता हूं। यह जटिल ऑपरेशन अम्बेडकर अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. (प्रो). राजेन्द्र अहिरे, डॉ. अतिन कुंडू, डॉ. सौरभ जिंदल, पीजी डॉक्टर प्रीतम प्रजापति, डॉ. इंतज़ार, डॉ. श्याम धर और एनेस्थेसिया से डॉ. सोनाली साहू की टीम ने मिलकर किया।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए उड़नदस्ता गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा और लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी के लिये उड़नदस्ता दल गठित कर दल का नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल को नियुक्त किया है। लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिये नायब तहसीलदार बेलरगांव श्री दुर्गेश सिंह तंवर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री अर्जुन सिंह नेताम, श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू, श्री स्वप्निल बंजारे, श्री गुलाब सिंह नेताम, श्री राजेश्वर केकती, श्री प्रभुलाल नाग, श्री खिलावन दास साहू और सहायक उद्यान अधिकारी श्री कौशल प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है। यहां आरक्षित के तौर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री डागेश ध्रुव, श्री प्रणय लाल और श्री साकेत कुमार साहू की ड्यूटी लगी है।

लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद के लिये नायब तहसीलदार कुरूद सुश्री कुसुम प्रधान, श्री विनोद बंजारे, सहायक विस्तार विकास अधिकारी श्री ललित कुमार साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री चित्रसेन जगने, श्री कल्याण सिंह ध्रुव, श्री प्रेमलाल ठाकुर, श्री डीहूराम पटेल, श्री गिरीराज किशोर और श्री रामकुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है। यहां आरक्षित के तौर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री मोहित जैन, सर्वेयर श्री विकास एनेश्वर और श्री हितेश गाड़रिया को रखा गया है। इसी तरह विधानसभा धमतरी के लिये नायब तहसीलदार धमतरी श्री राकेश नागवंशी, श्री छत्रपाल चन्द्राकर, श्री खीरसागर नाथ बघेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री बसंत कुमार गंजीर, श्री प्रहलाद नागवंशी, श्री चन्द्रहास साहू, श्री लखन लाल नागवंशी, श्री मनोज कुमार अंगारे और श्री चेश कुमार सार्वा की ड्यूटी लगाई गई है। यहां ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री भीरेन्द्र कुमार साहू, सर्वेयर श्री खेमनलाल साहू और सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री जीतेन्द्र नंदा को आरक्षित के तौर पर ड्यूटी लगाई गई है।

एक नजर



### चुनाव के लिए शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त

**महासमुंद,19 मार्च।** प्रदेश भाजपा एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं पूर्व के कार्यों की समीक्षा करने हेतु भाजपा महासमुंद लोकसभा जिला मुख्यालय के नेतृत्व में सभी शक्ति केंद्र मे बैठक लेने एवं शक्तिकेंद्र प्रभारी बनाये गए

इस बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान को गति देने,आगामी 23 मार्च को आयोजित होने वाले विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं बड़ी संख्या में युवाओं को भाजपा प्रवेश कराने हेतु रूपरेखा तैयार की गयी।इस महत्वपूर्ण बैठक में महासमुंद विधायक माननीय योगेश्वर राजू सिन्हा ज़ी, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, जिला महामंत्री श्री प्रदीप चंद्राकर, महासमुन्द विधानसभा सह सयोजक श्री संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली ज़ी, प्रलय थिटे, पवन वर्मा,येतराम साहू, महेंद्र जैन, लाल विजय सिंह देव,मनीष शर्मा, हिमांशु चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, मोहन साहू, सोनाधर सोनवानी, राहुल चंद्राकर, नईम खान, राजेश चंद्राकर, हानिश बग्गा,अमन वर्मा नंदू जलछतरी, आकाश पाण्डेय,जतिन रुपरेला,विक्की गुरुदत्ता,मुन्ना देवार, मुन्ना साहू, शंकर चंद्राकर, अजय चोपड़ा,हाफिज कुरैशी, राकेश पटवा,रमेश साहू, महेंद्र सिक्का , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, शुभ्रा शर्मा, कैसाल्या बंसल, लक्ष्मी साहू,प्रीती सोनी, मधु यादव, मीना वर्मा(पार्षद), सुजाता विस्वनाथन एवं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### वर्षों बाद भी गौरव पथ नहीं बना

**महासमुन्द ।** नगर में गौरवपथ के लिए चिन्हित बरोंडाचौक से कलेक्टोरेट रोड पर वर्षो बाद भी गौरवपथ का काम नहीं हुआ। अब क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के विशेष प्रयास से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुल-पुलिया सहित



इस मार्ग के निर्माण कार्य कार्य के लिए 18.29 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरवपथ के स्थान पर अब यह सड़क बाबा बम्हनेश्वरनाथ महादेव की नगरी बम्हनी तक 10 किमी लंबी और पर्याप्त चौड़ी बनेगी।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मिलकर इस महत्वकांक्षी और व्यापक जनहित के मामले में पहल किया। इस पर प्रशासनिक कार्यवाही की गई। और 15 मार्च को लोक निर्माण विभाग के अवर सचिव एस एन श्रीवास्तव ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिखे गए पत्र में बताया है कि सड़क चौड़ीकरण में भूअर्जन के लिए भी राशि स्वीकृत किया गया है।इसके साथ ही इस मार्ग का निर्माण अब जल्द होगा। वित्त विभाग की सहमति मिल चुकी है। अब तकनीकी स्वीकृति और निविदा आमंत्रित किए जाने की प्रकिया पूरी करके प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा निर्माण कार्य संपादन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से संशोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सेक्टर क्षेत्र एवं विधानसभा वार सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा 39-सरायपाली व सेक्टर क्रमांक 20 बलौदा के लिए मुकेश नायक उपअभियंता कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा 40 बसना व सेक्टर क्रमांक 28 कुरचुंडी के लिए सुखराम निराला वन क्षेत्रपाल, विधानसभा 40 बसना व सेक्टर क्रमांक 24 बंसुला के लिए विष्णु नारायण नाथ सिंह राठौर उप अभियंता जनपद पंचायत बसना, विधानसभा 40 बसना व सेक्टर क्रमांक 7 सांकरा के लिए जुवेल मिंज अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, 40 बसना व सेक्टर क्रमांक 4 राजा सेवैया खुर्द के लिए जसवंत सिंह पैकरा उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं 40 बसना व सेक्टर क्रमांक 19 खेमड़ा के लिए नयन कुमार प्रधान अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सेक्टर अधिकारी होंगे। इसी तरह विधानसभा 41-खल्लारी व सेक्टर क्रमांक 17 के लिए नेहा अग्रवाल उप अभियंता अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, विधानसभा 42-महासमुंद व सेक्टर क्रमांक-16 रायतुम के लिए सी आदिनारायण जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम लिए फागूराम कश्यप उप संचालक कृषि सेक्टर अधिकारी होंगे।

## बैठक में नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रीतू बंसल बनी अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,19 मार्च।** नगर की सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा 13 मार्च को बैठक कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया जिसमे सर्वसम्मति से श्रीमती रितु अजय बंसल को द्विवर्षीय अध्यक्ष चयनित किया गया साथ ही श्रीमती रीना सुनील गर्ग को सचिव और श्रीमती संगीता महेंद्र नूतन को कोषाध्यक्ष पद देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवीन कार्यकारणी को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही नवीन अध्यक्ष श्रीमती रितु अजय बंसल ने सभी सदस्यों को आश्वाशन दिया है की पूर्व की भाती आने वाले दिनों में आ.भा.मा. महिला सम्मेलन समाजहित में तत्पर रहकर कार्य करेगी। इसके साथ ही महिला सम्मेलन की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति अमिता राजेन्द्र नूतन को प्रांतीय संबंध समन्वय प्रमुख का पद मिला और संस्था की सबसे सक्रिय मेम्बर राखी दिलीप अग्रवाल जो कि 2 साल अपनी अध्यक्षता के समय कोरोना काल में बहुत से काम किये थे इनको प्रांतीय सहसचिव पद मिला साथ ही मंच साथी श्रीमति अनामिका संजय अग्रवाल दयाल हाउस को प्रांतीय साहित्य प्रमुख पद मिला अनामिका साहित्य में हमारे मंच की हीरा है अनामिका अग्रवाल को राज्य स्तरीय अग्र अलंकार सम्मान प्राप्त हुआ है जो कि नगर व समाज के लिए बहुत ही गर्व की बात है। बताना लाजमी होगा की श्रीमती रितु अजय बंसल नगर के आरएनएस परिवार के प्रतिष्ठित नागरिक श्री बंशीलाल शांति देवी सांवडिया की अनुज बहु है एवं शुरू से ही सामाजिक कार्यों में सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रही है। श्रीमति रीतू बंसल ने पूर्व में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा में 2 साल अध्यक्ष रह कर बहुत से सामाजिक और धार्मिक काम किये हैं। नगर में अपनी सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में सक्रियता के साथ काम कर श्रीमति रीतू बंसल ने अपने नाम की अगल पहचान बनाई हैं। उनका कहना है नारी से ही नर है नारी नर की शान है नारी नर की मर्यादा है नारी ही स्वाभिमान है बचपन से ही श्रीमति रीतू बंसल को उनके स्वर्गीय पिता श्री बैजनाथ अग्रवाल ने सनातन धर्म की शिक्षा दी है श्री बैजनाथ अग्रवाल रामायण के अच्छे टीकाकार थे उनके ही संस्कार आज उनके बच्चो में हैं। इसी कड़ी में नवीन कार्यकारणी को उपस्थित सभी सदस्यों सहित इनके स्नेहिबंधू द्वारा अनेक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेरित करने की श्रृंखला जारी है। नगर को उम्मीद है की आने वाले दिनों में नवीन कार्यकारणी नगर व सामाज हित के लिए कार्य करेगी।

## धर्म रूपी धन से धन्य होता है जीवन: पं.हिमांशु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 19 मार्च।** महासमुंद के हृदय स्थल मिनी स्टेडियम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन देश के ख्यातिनाम कथा वाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज (बुलंद शहर उत्तरप्रदेश) द्वारा अपने अमृतमय वाणी से हजारों श्रद्धालुओं को भागवत कता का श्रवण कराते हुये कहा कि हमें अपने जीवन में धर्म रुपी धन कमाना चाहिये वहीं हमारे जीवन को धन्य बनाता है । हमें अपने जीवन में किसी को कष्ट देकर या प्रताड़ित कर धन नहीं कमाना चाहिये । अनैतिक धन हमारे जीवन को एक समय के बाद कष्टों की ओर ढकेलता है, अनैतिक धन से हम चिन्ताग्रस्त जीवन जीते हैं हम सो नहीं पाते हम बीमार रहते हैं यही हमारे पतन का कारण है ।

उनहोंने हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये कहा कि हमें सहज सरल एवं ईश्वरीय भक्ति के साथ जीना चाहिये अहंकार मानव को अधर्म की ओर ले जाता है । मनुष्य को तीनों चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिये वस्त्र, भोजन और संगति हमें सही वस्त्र सही भोजन एवं सुसंगति हीमारी पहचानबनाने केसाथ साथ संस्कारवान बनाती है ।उन्होंने कहा कि दूषित संगित असंतोष एवं नकारात्मक ऊर्जा का कारक है । भागवत कथा के माध्यम से राजा परीक्षित का कथना सुनाते हुये कहा कि जरासंघ कलियुगी मुकुट धारण करने मात्र से राजा परीक्षित भी नकारात्मक ऊर्जा का शिकार हुआ था । हमें अपने जीवन में साधु संतों एवं सज्जनों का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिये एवं अपने जीवन को सात्विक बनाने का प्रयास करना चाहिये । कथा के तृतीय दिवस के शुभारंभ में नगर पुरोहित पंकज महाराज द्वारा महाराज जी का अभिनंदन किया गया । मुख्य यजमान सुशील शर्मा डॉ. मंजू शर्मा, प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, सहयजमान अनिल शर्मा, उमादेवी शर्मा, धरम पटेल, प्रकाश शर्मा, निरंजना शर्मा, पप्पू ठाकुर, कृष्णा चंद्राकर, पप्पू पटेल, गोविन्द निर्मलकर अखिलेश राव, अर्चना राव, राजेश्वरी सिन्हा, श्वेता द्वारा पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज जी का चरण वंदन करते हुये अभिनंदन किया गया । श्रुति शर्मा द्वारा गीता के श्लोक का पाठ किया गया। आचार्य पं. जवाहर त्रिवेदी, अर्पित त्रिपाठी, नवल किशोर दुबे द्वारा मंत्रोच्चार कर व्यास जीश्रीमद् भागवत, गोपाल जी का वंदन किया ।इस अवसर पर प्रमुख रुप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी जी, पं. दाऊलाल तिवारी, श्रीमती प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, महेश चंद्राकर, डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रलय थिटे, कौशिल्या बंसल, शैल वर्मा, सुजाता विश्वनाथन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, संदीप दीवान, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, राजेश नायक, श्रीमती चम्पेश्वर सिन्हा, राजू चंद्राकर, शशि सिन्हा, श्रुति शर्मा, सुरेन्द्र मानिकपुरी, विष्णु चंद्राकर, शैलेन्द्र तिवारी, योगिता चंद्राकर, राजश्री ठाकुर, शोभा दीवान, ईश्वरी ठाकुर, ईश्वरी गोस्वामी, अनिता पुंज, पूजा पांडेय, उमा गुप्ता, पार्वती साहू, रेखा गौर, आनंद गिरि गोस्वामी, अग्रज शर्मा, गुलाब ठाकुर, टेकराम सेन, ऋद्यु सिन्हा, यश सिन्हा, सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे । उक्त जानकारी आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन एवं श्रीमती राजश्री ठाकुर ने दी है ।

### विश्राम गृह, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस में नहीं कर सकेंगे राजनीतिक गतिविधियां

**रायगढ़, 19 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम की घोषणा पश्चात जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति तक कोई भी राजनीतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि, शासकीय अथवा अर्ध शासकीय विश्राम गृह/उच्च विश्राम गृह आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनीतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते है और न ही वहां पर राजनीतिक गतिविधियां कर सकेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि पात्रतानुसार ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाएगी। टेलीफोन हेतु पृथक रजिस्टर रखा जाएगा तथा किए गए कॉल हेतु निर्धारित राशि तुरंत प्राप्त कर ली जाएगी। साथ ही एक रजिस्टर में आगन्तुक का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन ली गई राशि इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाएगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 48 घंटे के लिए ही विश्राम गृह/उच्च विश्राम गृह आरक्षण किया जाएगा।

## गर्भवती महिला के परिजनों से गेटपास के नाम पर पैसे मांगने वाले तीन गार्ड पर एफआईआर

**रायगढ़, 19 मार्च।** रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डिलीवरी के लिए पहुंची महिला के परिजनों से गेट पास के नाम पर अवैध रूप से रुपए की मांग करने वाले तीन गार्ड्स पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मामला संज्ञान में आते ही, घटना में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज के डीन और सुपरिटेंडेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को निर्देशित किया था। दरअसल आज सुबह सारंगढ़ से डिलीवरी के लिए महिला अपने पति और परिजनों के साथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ पहुंची थी। जहां गेट पर तैनात निजी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड्स ने महिला के परिजनों से गेट पास के नाम पर अवैध रूप से 100-100 रुपए की मांग की। यह घटना संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर श्री गोयल ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल प्रबंधन को मामले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि ऐसा कृत्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोग अस्पताल में इलाज कराने आने आते हैं, उनसे अस्पताल में प्रवेश के नाम पर पैसा लेना न केवल अनैतिक है बल्कि अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही होगी।सुपरिटेंडेंट डॉ.मनोज मिंज ने बताया कि शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय से संबद्ध संत बाबा गुरूघासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात बाह्य स्त्रोत बुंदेला सिक्योरेटॉस बिलासपुर के तीन सुरक्षा गार्डों रविशंकर गौतम, ओमप्रकाश पटेल, सिवेन्द्र शुक्ला द्वारा चिकित्सालय में जो निःशुल्क अटेण्डर पास बनता है, उसके लिए अवैध रूप से 100-100 रुपए लेकर चिकित्सालय में मरीज एवं परिजनों को प्रवेश देने का मामला संज्ञान में आया। इस घटना में लिप्त तीनों गाड्र्स के खिलाफ चक्रधर नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया है। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### आबकारी विभाग ने की अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई

**रायगढ़, 19 मार्च।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिले में आदर्श आचरण संहिता लगते ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। घरघोड़ा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जितेश नायक को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सराईपाली थाना पूँजीपथरा के जंगल में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही आबकारी उपनिरीक्षक अपने दल के साथ ग्राम सराईपाली में जंगल पहाड़ ऊपर पहुँचे जहाँ दो चढ़ी भट्ठी मिली एवं तीन प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक में 10-10 लीटर भरा महुआ शराब, तीन प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक में 5-5 लीटर भरा महुआ शराब, एक प्लास्टिक डिब्बे में भरी 50 लीटर महुआ शराब कुल 95 लीटर महुआ शराब ग्यारह नीले रंग के प्लास्टिक डिब्बों में भरा प्रत्येक में 100-100 किलो महुआ लाहन (फर्मेंटेड वाश) कुल 1100 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। दल को आता देख आरोपी जंगल में भाग गये। मौके पर समस्त सामग्री को जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत लावारिस प्रकरण दर्ज किया गया।



## कलेक्टर ने ली मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक



**बीजापुर, 19 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अर्न्तगत शनिवार 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन संपादित करने भारत निर्वाचन आयोग ने पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीख का एलान कर दिया है। इसी के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अनुसार प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 20 मार्च को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। इसी तरह नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि 28 मार्च तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी 30 मार्च 2024 तथा मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना 04 जून 2024 को होगीसंसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर अर्न्तगत जिले के एकमात्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में कुल मतदान केन्द्र 245 है, जिसमें 22 शहरी तथा 223 ग्रामीण मतदान केन्द्र है। 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी एक प्रति उपलब्ध करा दी गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में कुल पुरुष मतदाता 81981, महिला मतदाता 88460 सहित अन्य 08 मतदाताओं सहित कुल 170449 मतदाता है। जिले के मतदाताओं का लिंगानुपात 1078 है। वहीं 246 सर्विस वोटर 15 मार्च 2024 की स्थिति में है। दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 1603 वेबकास्टिंग हेतु चयनित 59 मतदान केन्द्र हैं एवं 64 मतदान केन्द्रों में विडियोग्राफी की जाएगी। दिव्यांगजनों द्वारा संचालित 01 मतदान केन्द्र है। इसी तरह 05 युवा मतदान 05 आदर्श मतदान केन्द्र सहित महिलाओं द्वारा संचालित 10 संगवारी मतदान केन्द्र (पिंक बूथ) है, 99 मतदान केन्द्र शिफ्टिंग है।आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात जिला निर्वाचन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष प्रभावशील हो गई है जो प्रत्येक दिवस 24 घंटे तक कार्यशील रहेगी। निर्वाचन प्रयोजनो के लिए आम सभाओं के दौरान किसी भी दशा में अथवा किसी भी प्रकार के वाहनों में लगाए गए लाउड स्पीकर या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी राजनैतिक प्रचार सामग्री के प्रसारण के पूर्ण प्रमाणीकरण आवश्यक रहेगा। सभी प्रकार की रैली, जुलूस सभी की पूर्वानुमति आवश्यक होगी। सी- विजिल, सुविधा एवं अन्य एप आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ क्रियाशील होने की जानकारी दी गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू रूप से संचालन हेतु राजनैतिक गतिविधियों एवं टीवी केबल नेटवर्क पर दिए गए राजनीतिक पार्टी द्वारा जारी विज्ञापन आदि पर सतत निगरानी हेतु मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है।

### निर्वाचन क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों एवं परिसंपत्तियों में लगे विज्ञापन-बैनर एवं होर्डिंग्स हटाने के निर्देश

**बीजापुर, 19 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता के कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में संबन्धित निर्वाचन क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों एवं परिसंपत्तियों में लगे विज्ञापन, बैनर-पोस्टर एवं होर्डिंग्स को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के निर्देश समस्त सीईओ जनपद पंचायत को दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि संबन्धित निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यालय भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों सहित परिसंपत्तियों जैसे बस स्टैंड, सड़क, पुल-पुलिया, बिजली के खंभे आदि पर दीवार लेखन, बैनर, झंडे, पोस्टर, तस्वीर आदि अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री एवं संपति विरूपण को नियत समयावधि के भीतर हटाया जाये। वहीं निजी परिसंपत्ति से अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री एवं संपत्ति विरूपण को 72 घंटे में हटाया जाये और पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाये।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश की सूचना जारी

**बीजापुर, 19 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 18 मार्च 2024 से पंजीयन प्रारंभ की गई है। वहीं ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 रात्रि 11:59 बजे तक है अथवा ऑनलाईन भरे गये फॉर्म में त्रुटि सुधार हेतु 19 से 26 अप्रैल 2024 रात्रि 11:59 बजे एवं प्रवेश हेतु संभावित परीक्षा 18 मई 2024 दिन शनिवार को निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### जिले में बढ़ती गर्मी के साथ लू से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

रायगढ़, 19 मार्च। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जिले में लू से बचाव एवं उसके उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि लू लगने का समय मार्च माह के आखिरी सप्ताह से जून महीने तक तेज गर्मी होती है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस पहुँच जाता है लू तब लगती है, जब हवा में इतनी गर्मी आ जाती है। लू के लक्षण-जब व्यक्ति का शरीर का तापमान बढ़ जाता है, यदि व्यक्ति को लू लग गई है, तो वह डिहाड्रेशन का शिकार हो सकता है, उसके शरीर में पानी की कमी होना, शरीर का तापमान लगभग 101 या 102 डिग्री से ज्यादा हो तो उसे बार-बार प्यास लगना, युवाओं की तुलना में बच्चो और बुजुर्गो को लू लगने की संभावना अधिक होती है।

## घरवापसी राष्ट्र को मजबूत करने की एक अनुपम पहल:प्रबल प्रताप



**पत्थलगांव, 19 मार्च।** हिंदु कुल तिलक,घर वापसी मिशन के प्रमुख जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जुदेव ने एक बार फिर बडे पैमाने मे धर्म से भटके लोगो का सनातन धर्म मे वापस कराया है। जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने 56 धर्मांतरित परिवार के 200 से भी अधिक लोगो का सनातन धर्म मे पैर धोकर वापस कराया। घरवापसी के लिए ग्राम कुमरता मे एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जुदेव ने कहा कि जनजातीय समाज ने सदैव विदेशी साजिशों और आक्रांताओं से भारतीय संस्कृति की रक्षा की है,वे माँ भारती के असली योद्धा रहे हैं,इसीलिए उन्हें कमजोर करने के लिए सात समंदर पार से षड्यंत्रकारी ताकतों ने उन्हें धर्मांतरित करने की साजिश रची। उनकी घरवापसी राष्ट्र को मजबूत करने की एक अनुपम पहल है। अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कोरवा समाज के 56 परिवारों के पैर पखारकर कर सनातन धर्म में घर वापसी करवायी। अपने पिता स्व.दिलीप सिंह जूदेव के दिखाये पथ पर चलते हुये प्रबल प्रताप अपने धर्म की रक्षा करने के लिए हमेंशा तत्पर रहते है। समय-समय पर प्रबल प्रताप धर्मातंरण के खिलाफअवाज मुखर किये हुये है। दरअसल दिन रविवार को ग्राम पंचायत कुमरता के आश्रित ग्राम बरघाट में पहाड़ी कोरवा जनजाति के 56 परिवार के लगभग 200 लोगों के पैर धो कर मंत्रोचार के साथ हवन करवाकर घर वापसी करायी गयी। इस कार्यक्रम में कापू सहित आस पास के ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे शौर्य प्रताप सिंह जूदेव,विनय पांडे,सतीश सिंह,कपिल शास्त्री,जगजीत दास महंत,कमलेश राठिया,श्याम बिहारी शर्मा,तिलक राम सिदार के अलावा अनेक हिंदू कार्यकर्ता शामिल रहे।।

धर्मातंरण अब बर्दाश्त नही-जशपुर कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने धर्मातंरण कराने वाले लोगो को समय रहते सुधरने की बात कही। उनका कहना था कि धर्मांतरण अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस कार्य मे संलिप्त रहने वाले लोग सजा भुगतने के लिए तैयार हो जाये। उनके उपर सख्त से सख्त कार्यवाही करायी जायेगी। उन्होने धर्मातंरण को देश के लिए खतरा बताते हुये आने वाली पीढि को इस कृत्य से दूर रहने की बात कही। उनका कहना था कि आजादी के बाद से जितने भी लोगो का धर्म परिवर्तन हुआ है,उसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिये।।

### मुख्य द्वार पर हुआ जानलेवा गड्ढा प्रशासनिक व्यवस्था का चिढा रहा मुंह

**पत्थलगांव, 19 मार्च।** शहर मे प्रवेश करने पर वहा का मुख्य द्वार आगंतुको का स्वागत के लिए निर्मित किया जाता है,परंतु शहर के बस स्टैन्ड मे बना मुख्य द्वार आगंतुको को दुर्घटना के मुंह तक पहुंचाने का काम कर रहा है। यहा के बस स्टैन्ड का मुख्य द्वार के सामने बना जानलेवा गडढा नगरीय प्रशासन का मुंह चिढा रहा है। हर दिन इस गडढे मे हादसे होकर यहा की प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खुल रही है। नगर पंचायत के अंतर्गत हर वर्ष करोडो रूपये के निर्माण कार्य स्वीकृत होते है,परंतु उनकी गुणवत्ता पर हमेंशा से सवाल उठते आये है,यही कारण है कि बस स्टैन्ड के मुख्य द्वार पर जानलेवा गडढा बन चुका है। दरअसल दो माह पूर्व ही नगर पंचायत ने बस स्टैन्ड के भितर मरम्मत का कार्य कराया था,उस दौरान यहा बने अनेक जानलेवा गडढो को सिमेंट कांक्रीट का पेंच लगाकर भर दिया गया था,परंतु दो माह के बाद ठीक उसी जगह पर जानलेवा गडढा बन जाना कार्य की गुणवत्ता पर सहज ही सवाल उठा रहा है। बस स्टैन्ड के मुख्य द्वार पर बना जानलेवा गडढा मे हर दिन हादसे हो रहे है। दिन रविवार की रात तेज बारिश होने के बाद इस गडढे मे घुटने तक का पानी भर गया,जिसके बाद सोमवार की सुबह बस स्टैन्ड आने वाले यात्री एवं वाहन चालको के लिए यह गडढा एक बार फिर मुसिबत बन गया। सोमवार की सुबह इस गडढे मे अनेक वाहन सवार एवं बस मे यात्रा करने वाले मुसाफिर समा गये,जिसके बाद उन्होने यहा के नगरीय प्रशासन को खुब खरी कोटी सुनायी। अंबिकापुर से आये यात्री सुमेर अग्रवाल का कहना था कि शहर के बीच मुख्य जगह पर इस तरह के गडढे बनने से यात्री एवं नागरिको की असुविध के साथ-साथ यहा के प्रशासनिक व्यवस्था की पोल भी खुल रही है। उनका कहना था कि इतने बडे ब्लाक मे इस तरह की अव्यवस्था देखकर जनहित मे किये जाने वाले सरकारी तंत्र के कार्यो का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### तकनीकी विवि में आर्यभट्ट की प्रतिमा की गई स्थापित

**भिलाई,19 मार्च।** मंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय नेवई में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन द्वारा निर्मित आर्यभट्ट की भव्य प्रतिमा का उद्घाटन किया। उन्होंने मंच पर कलाकार का शाल और हार से सम्मान करते हुए उनके कला कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्रीद्वय विजय शर्मा, अरूण साव तथा सांसद विजय बघेल के साथ ही विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू, विश्वविद्यालय के कुलपति तथा सैकड़ो की तादात मे दर्शकगण मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में मंच पर सांसद विजय बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अंकुश देवांगन का विस्तृत परिचय करवाया।

## एक नजर

### महतारी वंदन योजना : अब हितग्राही स्वयं देख सकते हैं भुगतान राशि की स्थिति

**बलौदाबाजार 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू कर दी गई है। जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अंतर्गत 331056 महिलाएं पंजीकृत है। उक्त पात्र हितग्राहियों के खाते में एक-एक हजार रूपये राशि अंतरित की गई है। जिले में लगभग 7634 हितग्राहियों के खाता क्रमांक त्रुटि सुधार किया गया है। जिनकी भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। पात्र हितग्राही अपने पंजीकृत मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर एवं लाभार्थी नम्बर डालकर शासन द्वारा जारी की गई वेबसाइट एचटीटीपीएस डबल स्लेस महतारीवंदन डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन स्लेस बेनिफीसरी डेश एप्पलीकेशन डेश स्टेटस http://mahtarivandan.cgstate.gov.in/beneficiary-application-status के माध्यम से भुगतान की स्थिति देख सकते है। भुगतान की स्थिति खाता, आधार कार्ड या अन्य कारणों से लंबित है तो संबंधित हितग्राही कारण सहित आवेदन कर आंगनबाड़ी केन्द्र में सुधार करवा सकते है।

### शासकीय गेस्ट हाउस, भवन में नहीं कर सकेंगे राजनैतिक गतिविधियां

**बलौदाबाजार 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्य गेस्ट हाउस, भवन और राज्य सदन के उपयोग हेतु निर्देश दिये हैं। इनमें पार्टी मीटिंग एवं प्रेस कांफ्रेंस भी शामिल है। आयोग ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने संबंधी प्रावधानों तथा अन्य शामिल सभी मुद्दों पर विचार करते हुए विभिन्न आवश्यक निर्देश दिये हैं। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान द्वारा जारी निर्देशानुसार सरकारी स्वामित्व वाले गेस्टहाउस इत्यादि के परिसर के अंदर राजनीतिक दलों के सदस्यों द्वारा बैठक की अनुमति नहीं है और इसके किसी भी उल्लंघन को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। रेस्ट हाउस में आबंटित व्यक्ति को ले जाने वाला वाहन और व्यक्ति द्वारा उपयोग किए जाने वाले दो से अधिक वाहनों को गेस्ट हाउस के परिसर के अंदर अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए रेस्ट हाउस के कमरों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा हालांकि, किसी विशेष क्षेत्र में मतदान के करीब 48 घंटे पहले, मतदान या पुनः मतदान पूरा होने तक इस तरह के आबंटन स्थिर रहेंगे। जिन्हें राज्य द्वारा पैमाने पर या उससे ऊपर या समकक्ष आधार पर अपने राज्य के प्रावधानों के तहत समकक्ष आधार पर राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह इस शर्त के अधीन होगा कि इस तरह के आवास को पहले से ही चुनाव से संबंधित अधिकारियों या प्रेक्षकों को आबंटित या कब्जा नहीं किया गया है। ऐसे अतिथि सरकारी गेस्ट या रेस्ट हाउस में रहते हुए कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं करेंगे।

### आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस लेने का आदेश जारी

**बलौदाबाजार 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आदेश जारी कर कहा है कि निर्वाचन की घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन परिणाम घोषित होने की तिथि तक केन्द्र, राज्य शासन के उपकरण संयुक्त क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, विपणन बोर्ड, विणपन संस्थाओं, कृषि उपज मंडी समिति प्राधिकरणों या अन्य ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अंश निवेश किया गया हो, के वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी व्यक्ति को नहीं दिया जाना है।जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन तत्काल वापस लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अवगत कराने कहा है।

# कलेक्टर ने प्रेसवार्ता व राजनीतिक दलों की बैठक लेकर दी निर्वाचन संबंधी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के.एल. चौहान ने रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेस-वार्ता के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की जानकारी दी। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक भी ली। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संपूर्ण जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में कुल 2 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं जिसमे लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर- चाम्पा एवं लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 8 रायपुर शामिल है। संसदीय क्षेत्र जांजगीर- चाम्पा अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्रों की संख्या 129, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -44 कसडोल में मतदान केंद्र संख्या 402 तथा संसदीय क्षेत्र रायपुर अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -46 भाटापारा में मतदान केंद्रों की संख्या 282 हैं। इस तरह से जिले में स्थित कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1009 है। कलेक्टर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024 को निर्धारित की गई है। इसी तरह नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। 7 मई को मतदान तिथि एवं 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निर्धारित है। लोकसभा में अभ्यर्थी अधिकतम 95 लाख रुपए निर्वाचन व्यय कर सकेंगे। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान एवं आदर्श आचार संहिता अनुपालन के लिए सभी राजनैतिक दलों एवं मीडिया से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर द्वय व्ही.सी. एक्का, सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अमित गुप्ता नितिन तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विजय केशरवानी सहित अन्य राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से जिले मे आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान तोपनो ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 अतंर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश आज दिनांक से चुनाव पक्रिया समाप्त होने तक संपूर्ण बलौदाबाजार भाटापारा राजस्व जिले में प्रभावशील रहेगा। सभी राजनैतिक दल उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये लाउडस्पीकरों का प्रयोग करते हैं। इन लाउडस्पीकरों का प्रयोग न केवल स्थाई मंच से होता है बल्कि वाहनों यथा ट्रक, टेम्पों, कारें, टैक्सियों, वेन, तिपहिया, स्कूटर, साइकिल, रिक्शा आदि पर होते है। ये वाहन सभी सड़कों, गलियों, उप गलियों पर चलते है और गांवों, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों में भी बहुत ऊंची आवाज पर लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते है। इससे ध्वनि प्रदुषण होता है और आम जनता की शांति व प्रशांति में बहुत बाधा उत्पन्न होती हैं। लाउडस्पीकरों की ऊंची आवाज के प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग विशेष रूप से अशांत हो जाते है, क्योंकि उनकी पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित होती है और चूंकि लाउडस्पीकर पर बहुत सुबह शोरगुल करना शुरू कर देते हैं और पूरा दिन इससे वृद्ध दुर्बल और बीमार चाहे वे किसी भी संस्था, अस्पताल आदि में हो या घर में हो, उन्हें बहुत बेचैनी होती है। निर्वाचन अवधि में लाउडस्पीकरों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता क्योंकि लाउडस्पीकर निर्वाचन प्रचार के एवं जन समूह संप्रेषण के साधनों में से एक साधन है, लेकिन इसके साथ-साथ विषम समय एवं विषम स्थान पर लाउडस्पीकर के अविवेक पूर्ण तथा ऊंचे स्वरों पर अव्यवहारिक प्रयोग जिसकी शांति एवं अशांति पर कुप्रभाव पडता हो एवं सामान्यतः जन सामान्य एवं विशेषतः रोगियों एवं विद्यार्थी समुदाय की बेचैनी का कारण हो, की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अतएव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है।

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024: नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

# गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेकर बेहतर कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें अधिकारी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के. एल. चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।कलेक्टर चौहान ने गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन से संबंधित दायित्व का बेहतर निष्पादन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

प्रशिक्षण में निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रिया को संपादित करने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यो के विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें मतदाताओ को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत जागरूकता रैली, मशाल रैली, सायकल रैली, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला निर्माण, कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं वेब कास्टिंग, मतदान दलों, मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण दलों का गठन, मतदान दलों सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण, डाक मतपत्रो एवं सुविधा केंद्रों की स्थापना, एमसीएमसी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट, मतपत्र व्यवस्था, मतगणना पश्चात ईव्हीएम मशीनों का सीलिंग, मतदान केंद्र आदि शामिल हैं।

ज्ञातव्य है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है जिसके अनुसार जिले में 7 मई 2024 को मतदान होना है।

### निर्वाचन, पर्चों और पोस्टरों के मुद्रण और प्रकाशन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में निर्वाचन पर्चों और पोस्टरों के मुद्रण और प्रकाशन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके अंतर्गत निर्वाचन पर्चों और पोस्टरों के मुद्रण और प्रकाशन के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 (क) धारा के अनुसार यह आवश्यक है कि प्रत्येक निर्वाचन पुस्तिका, पर्चे, रिकार्ड व पोस्टर के जिसे (हाथ से लिखकर प्रतियां बनाने से भिन्न किसी प्रक्रिया से) मुद्रित किया जाता है अथवा उसकी अनेकानेक प्रतियां बनाई जाती है को प्रिन्ट लाईन में मुद्रक और प्रकाशक के नाम एवं पते स्पष्टतः दर्शाये जाने चाहिए। इस प्रकार मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति मुद्रण के तीन दिन के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय कों संलग्न 'बी' के साथ भिजवाना आवश्यक है।

### बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा दिनांक से ही आदेश जारी किया है की बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमलों के अवकाश की स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा से अनुमति के पश्चात ही अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी अवकाश स्वीकृति होने के पश्चात ही अवकाश पर जा सकते हैं।

### लाइसेंसी शस्त्रधारियों को सात दिन के भीतर शस्त्र जमा करना अनिवार्य

चुनाव प्रक्रिया के दौरान अस्त्रों के दुरूपयोग होने से रोकने के लिए लाइसेंसी शस्त्र धारियों को सात दिन के भीतर शस्त्र जमा करना अनिवार्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आदेश जारी कर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारियों को सात दिवस के भीतर अपने अस्त्र-शस्त्र जमा करने कहा है। जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारी संबंधित पुलिस स्टेशन या शस्त्र जमा करने का लाइसेंस रखने वाले शस्त्र डीलर के पास जमा कर सकते हैं। जारी आदेश के अनुसार जो भी व्यक्ति अपने शस्त्र, डीलर के पास जमा करेंगे इसकी सूचना संबंधित थाने में प्रदान करेंगे और शस्त्र डीलर इसकी जानकारी संबंधित थाने एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। यह आदेश जिले के निवासियों तथा बाहर से आए लाइसेंसधारियों पर भी लागू होगा।

# सिविल अस्पताल में मनाया गया विश्व ग्लाकोमा सप्ताह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 19 मार्च।** जिला चिकित्सा अधिकारी डा.एम.पी.महेश्वर, डा.राजेश अवस्थी नोडल अधिकारी एवं सिविल सर्जन, डा. राजेन्द्र माहेश्वरी बी.एम.ओ.सिविल अस्पताल भाटापारा, डा.सुषमा माहेश्वरी नेत्र रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल भाटापारा, के मार्ग दर्शन मे विश्व ग्लाकोमा सप्ताह मनाया 12 से 18 मार्च तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा, प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र मोपका, मोपर, निपनिया, बिटकुली, सभी जगह पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत कुमार गुलेरी, नोहर, राकेश, सारीक, हैदरी, वंदना प्रसाद, पद्मिनी सिंगरौल, के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विश्व ग्लाकोमा दिवस (काला मोतियाबिंद) मनाया गया।



# चारामा पुलिस ने लगाया चेक पोस्ट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 19 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन के तहत चारामा पुलिस के द्वारा चेक पोस्ट लगाया गया है। चुनाव आयोग द्वारा 18 वीं लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी होते ही प्रषासन चुनावी मोड में आ गया है। नगर के कोरर चैक में चेक पोस्ट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए 3 चरणों में मतदान किया जाएगा। कांकेर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रेल को मतदान होना है।

# राज्य सरकार किसानों का हित नहीं चाहती : विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 19 मार्च।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक मे शामिल होने पहुंचे लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा उपाध्याय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों का हित नही चाहती है वहीं किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि किसानों को नही देकर किसानो के साथ छल कर रही वहीं महतारी वंदन योजना मे एक हजार रूपये महिलाओं के खाते मे देने का वादा करने वाली भाजपा आज उनके साथ भी छल कर रही है कुल मिलाकर महतारी वंदन योजना का लाभ राज्य की महिलाओं को जैसा वादा किया था उस हिसाब नही दिया जा रहा। उपाध्याय ने कहा केन्द्र सरकार के 9 साल मे आज महंगाई चरम सीमा मे पहुंच गई है जिस पर केन्द्र सरकार का कोई नियंत्रण नही है वहीं उन्होने कहा कि अगर सांसद अपने क्षेत्र की समस्या व आम जनता के हित मे कोई मांग रखता है तो वह तत्काल पूरा होता है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के बीच हर उस छोटी छोटी समस्या को लेकर जायेंगे जिससे आम जनता का हित जुडा हुआ है एम्स मे चिकित्सा सुविधा का विस्तार करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी जिससे क्षेत्र के हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा विकास उपाध्याय सुबह लोकल ट्रेन से यहाँ पहुंचे इस दौरान वे यात्रियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए उसके बाद भाटापारा पहुंचने के बाद सिंगारपुर मां मांवली माता के दर्शन किये एवं इसके अलावा वे सब्जी मण्डी पहुंचे जहां लोगो से भेंट की स्टेशन एरिया मे मजदूरों से भी मुलाकात की। पद्मारिसार्ट मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक मे शामिल हुए और एकजुट होकर कांग्रेस के पक्ष मे प्रचार करने की अपील की उसके उपरांत वे शाम 4:30 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से रायपुर रवाना हुए।

विकास उपाध्याय के आज भाटापारा आगमन लोकल ट्रेन से होने की जमकर चर्चा रही लोगो ने इसकी सराहना भी की वहीं उपाध्याय ने स्वयं कहा कि आज सुबह ट्रेन से भाटापारा के लिए रवाना हुआ, मुझे बहुत अच्छा लगा वहीं लोगो से सीधे भेट व संवाद से उनकी तकलीफों को जाना और आम लोगो के लिए रेल सुविधा का विस्तार होना चाहिए।

# आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

**बलौदाबाजार, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के एल चौहान ने आदेश जारी कर कहा है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु आज भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। उक्त निर्वाचन बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में सम्पन्न होने जा रहा है तथा चुनाव संबंधी सारी प्रारम्भिक तैयारियां, प्रक्रियाएँ प्रारंभ हो रही हैं। अतएव जिले में लोक परिशांति बनाये रखना आवश्यक प्रतीत होता है। जिला दण्डाधिकारी चौहान ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा-144 के अंतर्गत (1) एवं (2) प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है:- बलौदाबाजार- भाटापारा राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक शस्त्र तथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामाग्री को किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाएँ एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव, मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगडापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है।

### भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने किया नए आरएसीसी भवन का उद्घाटन, सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में भी हुए शामिल

# भारतीय स्टेट बैंक प्रदेश और देश का अग्रणी बैंक : चंद्रशेखर शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक भोपाल मंडल चंद्रशेखर शर्मा ने नगर के अम्बेडकर चौक स्थित नए आर ए सी सी व मिनी आर ए सी पी सी भवन का आज विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक प्रदेश और देश का नंबर वन बैंक है और हम चाहते हैं कि विभिन्न प्रकार के ऋणों की स्वीकृति आसानी से और त्वरित गति से हो और इसी कारण आप लोगों को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए बैंक की यह शाखा खोली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैंक के इस विभाग से महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा तथा बलौदाबाजार जिले की सभी शाखाओं के ऋण प्रकरणों को स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में यही कार्य रायपुर और बिलासपुर से होता था। क्षेत्रीय प्रबंधक सलिल शुक्ला व मुख्य प्रबंधक गार्डन चौक शाखा देवेंद्र दुबे ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनाकर व पौधा भेट कर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए मुख्य महा प्रबंधक शर्मा ने आवश्यक निर्देश व सुझाव देते हुए जनहित में प्रभावी ढंग से उद्देश्य पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए व शुभकामनाएं दीं। मुख्य महा प्रबंधक ने अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत दस दिव्यांगजनों ईश्वरी पैकरा, इंद्रपाल नेताम, कामता सेन, चिंताराम ध्रुव, धरमदास चतुर्वेदी, लछ्छुराम देवांगन, हीरालाल साहू, कृष्ण कुमार पैकरा, परमानंद साहू व टेकराम पैकरा का फूलमाला से स्वागत किया, मिठाई दी और व्हील चेयर की सौगात दी। इन हितग्राहियों को व्हीलचेयर प्राप्त करते हुए भावविभोर होते देखा गया। इसी अवसर पर तीन ट्रैक्टरों की चाबी भी हितग्राहियों को सौंपी गई तथा विभिन्न प्रकार के ऋण आवेदकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सिविल लाइन स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिरकत की। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल का निरीक्षण व अवलोकन किया तथा उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य प्रबंधक देवेंद्र दुबे से महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों के मार्केटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे उन्हें न केवल लाभ हो वरन अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित भी हों। पन गांव की ज्योति स्व सहायता समूह को श्रेष्ठ स्व सहायता समूह के रूप में पुरस्कृत किया।इस समूह ने बैंक से 5 लाख का ऋण लेकर फिनाईल, अचार, पापड़ व निरमा बना कर मुनाफा कमाते हुए सफलता अर्जित की है। इनसे प्रभावित होकर मुख्य अतिथि ने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है।महिलाओं का सशक्तिकरण विकास को गति देता है। महिलाओं का नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, विशिष्ठ अतिथि उप महा प्रबंधक श्रीकांत गुड़ीवाड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक सलिल शुक्ला व मुख्य प्रबंधक देवेन्द्र दुबे ने 22 स्व सहायता समूह को 40 लाख 50 हजार रु की सहायता राशि के चेक प्रदान किये। सभागृह में साइबर अपराध से बचाव महिलाओं में स्वावलंबन के लिये जागरूकता प्रदर्शित करने के भी स्टॉल लगाए गए थे जिनका अतिथियों ने अवलोकन भी किया व सराहा।कार्यक्रम में सर्वाधिक उम्र की महिला, समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी जनों का सम्मान भी किया गया।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402090100019/A-19(1)**

विषय:- अ-19(1)
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024

करवारी (प.ह.न. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- श्रीमती रमला बाई ध.प. मंसाराम एवं अन्य 02,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती रमला बाई आ. विदेशी, ध.प. मंसाराम एवं अन्य 02. सभी निवासी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा दिनांक 22.02.2024 को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आवेदकगणों के पिता स्व. श्री विदेशी अपने जीवन काल में ग्राम करवाही, प.ह.नं. 22 भूमि खसरा न. 28 रकबा 2.493 हे. में से 0.203 हे. भूमि पर कास्त किया करते थे, जिनका सतत् कब्जा उपरोक्त भूमि पर स्थापित था। यह भी बताया गया कि उनकी मृत्यु 40 वर्ष पूर्व हो चुकी है। अतः आवेदकगणों द्वारा उपरोक्त भूमि ग्राम करवाही, प.ह.नं. 22 भूमि खसरा नं. 28 रकबा 2.493 हे. में से 0.203 हे. भूमि का पट्टा प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया। आवेदन के साथ नक्शा, खसरा पांचशाला की प्रति प्रस्तुत की गई है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 08.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### महिला टीआई के साथ मारपीट

**रायपुर, 19 मार्च** । राजधानी की महिला थाना में पदस्थ थाना प्रभारी वेदवती दरियों के साथ मारपीट की घटना हो गई है। काउंसिलिंग में आई महिला का अपने पति से विवाद हो गया। महिला, उसकी मां और भाई ने पति को पीटना शुरू कर दिया। महिला थाना के स्टाफऔर टीआई ने बीच बचाव किया तो वे उनके साथ भी बदसलूकी करने लगे। इस दौरान महिला ने टीआई वेदवती के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। उनके ऊपर हाथ उठा दिए। कोतवाली थाने में महिला टीआई की रिपोर्ट पर मारपीट व सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। महिला के साथ उसकी मां और भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### होलिका दहन स्थल पर डाली जाएगी मुरुम

**रायपुर 19 मार्च।** रायपुर नगर निगम द्वारा होलिका दहन के दिन 25 मार्च तथा 26 मार्च को होली खेलने के दिन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। होलिका दहन स्थलों पर मुरुम बिछाने और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति रखने के निर्देश दिए गए हैं।निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि शहर के प्रस्तावित होलिका दहन स्थल पर मुरुम पहले से ही बिछा दिया जाए। इससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही होलिका समितियों को भी कहा जाए कि मुरुम के ऊपर ही होलिका जलाई जाए। इस कार्य के लिए मुरुम के साथ ही रेत का भी उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होली पर्व पर प्रत्येक घर पर पर्याप्त पानी पहुंचे , इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेरिस पैरालम्पिक खेल के लिए अरुणा क्वालिफाई




**रायपुर 19 मार्च।** भारतीय ताइक्वांडो अध्यक्ष अरुण नामदेव शिरगांवकर की अध्यक्षता में कुमारी अरूणा तनवर ने एशियाई पैरालम्पिक ताइक्वांडो खेल में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसी के साथ ही वह पेरिस पैरालम्पिक खेल 2024 के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत की पहली भारतीय ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गई है। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल राय, सचिव रविशंकर धनगर, राकेश प्रधान, संजय शुक्ला, दिलीप विश्वकर्मा, डोमेश्वरी साहू, प्रमोद सिंह ठाकुर, जय प्रकाश सहित सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### ऑनर प्रोटेक्ट प्लान के साथ बायबैक

**रायपुर 19 मार्च।** ऑनर ने नए लॉन्च किए गए ऑनर एक्स9बी के साथ ऑनर प्रोटेक्ट प्लान शुरू किया है, जो ऑनसाईटगो द्वारा पॉवर्ड है। यह नया प्लान ग्राहकों को ज्यादा भरोसा और मन का सुकून प्रदान करेगा। 2,999 रुपये का यह प्लान ऑनर एक्स9बी के साथ निशुल्क दिया जा रहा है और इसका उद्देश्य ब्रांड में ग्राहकों का दीर्घकालिक विश्वास स्थापित करना है। इससे अपने उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

### रियलमी 12 सीरीज 5जी लॉन्च

**रायपुर 19 मार्च।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है। जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत टैक्स सहित 54.95 लाख रुपये है। XC40 रिचार्ज की बुकिंग विशेष रूप से ऑनलाइन होगी और वोल्वो कार इंडिया वेबसाइट पर की जा सकती है XC40 रिचार्ज सिंगल मोटर और वाहनों की वर्तमान लाइनअप का उत्पादन होसाकोटे, बेंगलुरु, कर्नाटक में कंपनी की अत्याधुनिक फैक्ट्री में किया जाता है। कार की प्री-बुकिंग आज से शुरू हो रही है।

### लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित

**रायपुर 19 मार्च।** आईआईएफएल फाइनेंस ने आज घोषणा की कि मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को इसकी सेवाएं बिना किसी व्यवधान के मिलती रहेंगी, और आईआईएफएल फाइनेंस के लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित है। आरबीआई की 4 मार्च की सुपरवाइज़री प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी अगली सूचना जारी होने तक तक नए गोल्ड लोन का वितरण नहीं करेगी। लेकिन आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके आईआईएफएल फाइनेंस को मौजूदा लोन और ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के सेवाएं देते रहने की अनुमति दे दी है।

# राजनीतिक दलों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताए चुनावी नियम




**रायपुर 19 मार्च।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है और निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक यह प्रभावशील रहेगी। राज्य में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी सतत अद्यतीकरण में मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे-रैंप, पेयजल, विद्युत प्रकाश, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्गजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु मतदाता मित्र आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड-19 के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता भी निर्धारित प्रारूप के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अन्दर सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही वोटिंग कर सकेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा व्यय लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



रायपुर 19 मार्च। डीडी नगर में अपराजिता ग्रुप ने फूलों की होली खेली।

## मरीजों के इलाज में सहयोग के लिए राठी बनाए गए विधायक प्रतिनिधि



**रायपुर 19 मार्च।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू ने भाजपा नेता राजकुमार राठी को रायपुर ग्रामीण विधानसभा की जनता का डा.भीमराव आंबेडकर अस्पताल एवं डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भर्ती कराने एवं इलाज में सहयोग करने हेतु विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री साहू ने मेकाहारा अधीक्षक सहित डीकेएस अधीक्षक को आधिकारिक पत्र लिखकर निर्देशित किया है की उनकी विधानसभा से आने वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती एवं इलाज के दौरान होने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु राजकुमार राठी मेरे प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे उल्लेखनीय है कि श्री राठी इसके पूर्व सांसद सुनील सोनी की ओर भी 9 विधानसभा से आने वाले सैकड़ो मरीज का सांसद प्रतिनिधि के रूप में समुचित इलाज करवाते रहे हैं ।

## बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर दी संगीत की प्रस्तुति



**रायपुर 19 मार्च।** कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल नवा रायपुर में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन दिवस का आयोजन किया गया। यहां बच्चों ने रंगबिरंगी परिधान पहनकर संगीत, नृत्य, कविता वाचन जैसी विभिन्न गतिविधियों की मनमोहन प्रस्तुति दी। केजी-2 के बचों ने अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की कविता से प्रेरित अपने सपने को पूरा करने के लिए नृत्य 'इक जिंदगी मेरी' प्रस्तुत किया। क्लास नर्सरी के छात्रों ने रंगबिरंगी पोशाकों में भोली मुस्कान के साथ 'बुद्धू सा मन' गाने पर नृत्य कर सबको रोमांचित कर दिया। क्लास केजी-1 के बच्चों ने 'खोल दे पर' पर नृत्य के माध्यम से लोगों को अपनी मंजिल को छू लेने का संदेश दिया। छात्रों ने 'आइएम रेडी' और 'थौंक यू सांग' गाकर सबका धन्यवाद किया। समारोह का मुख्य आकर्षण ग्रेजुएशन गाउन और हैट पहने बच्चे थे। स्कूल के निदेशक अभिषेक त्रिपाठी ने प्रथम चरण को पार कर द्वितीय चरण में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी और अभिभावकों का भी उनके समग्र सहयोग के लिए धन्यवाद किया। स्कूल की प्रिंसिपल विनीता मैराल ने ग्रेजुएशन समारोह आयोजित करने का उद्देश्य बताया कि बच्चे के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उनमें सृजनात्मक विचारों का उद्भव होता है।

## एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर 19 मार्च।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमाई हुई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की ओर से एफआईआर दर्ज किये जाने के मामले में कहा कि मुकदमा दर्ज होते ही हाय तौबा मचाना, उन्हें हार से नहीं बचा पाएगा। हार की डर से वह विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इससे भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा। बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी और कैबिनेट अग्रवाल ने महादेव एप मामले में कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से ही इसकी जांच चल रही थी, ऐसा तब की कांग्रेस सरकार का भी दावा था।

उन्होंने कहा कि आंध्र और तेलंगाना ने इस केस को ईडी को सौंप दिया तब इसके बाद ईडी इसमें हाथ ना डालें इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में केस दर्ज किया। अब अपने ही बने हुए जाल में वो खुद फंस गए हैं। बघेल को बताना चाहिए कि इस मामले में जुड़े हुए जितने गिरफ्तार हुए हैं और जितने अधिकारियों का नाम उसमें शामिल हैं, उनसे भूपेश बघेल का क्या संबंध है? बघेल को सार्वजनिक करना चाहिए। रानू साहू जिनके ऊपर कोयला घोटाला का मामला सामने आ चुका था, उसके बाद रानू साहू को हटाकर अच्छी जगह में पदस्थ करने वाले कौन लोग हैं? छत्तीसगढ़ में चाहे कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गोबर घोटाला, गोठान घोटाला, पीडीएस घोटाला हो चाहे डीएमएफ घोटाला हो और न जाने कितने घोटाले हुए हो, अभी तो सिर्फ एक घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री का नाम आया है, जिससे वो घबरा गए हैं। अब जब कारवाई आगे बढ़ी हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होना साबित करता है कि सारी दाल ही उसकी काली है।

कैबिनेट मंत्री ग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर इसका हिस्सा कहां तक पहुंचता था, यह अभियुक्तों के वीडियो से भी सामने आया ही था। समाचारों में काफी कुछ इससे पहले भी आ ही चुका है। ईडी की जांच में स्पष्ट रूप से सामने आया था कि असीमदास नामक व्यक्ति के कब्जे से जो 5.39 करोड़ रुपए ईडी ने बरामद किए थे, उसे भूपेश बघेल को पहुंचाने के लिए दिया गया था,ऐसा असमीमदास ने कहा था। इसी तरह से जो वीडियो शुभम सोनी का दुबई से जारी हुई था,उसमें भी करोड़ों की रकम आरोपी भूपेश बघेल को देने की बात सामने आयी थी। आज भी आप गूगल पर 508 करोड़ टाइप करें तो भूपेश जी के कारनामे सामने आएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अभी तक जितनी जांच हुई है और जा्ंच में जितने नाम आए हैं, पकड़े गए आरोपियों ने जो बयान दिए हैं इसकी सत्यता के बारे में कभी भी भूपेश बघेल जी ने एक शब्द नहीं कहा, सिर्फ यही कहा कि यह सब झूठ है तथ्यात्मक बयान आज तक भूपेश बघेल ने क्यों नहीं दिया? छत्तीसगढ़ की 10 लाख युवाओं को महादेव एप सट्टे में उलझा कर उनके पैसे को खाने की कोई दोषी हो तो वह भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी है। तब की कांग्रेस सरकार में शक्तिशाली रहे नेताओं और अफसरों पर अन्य मामलों में भी लगाए गए आरोप इतने अधिक मजबूत हैं कि सुप्रीम कोर्ट तक इन्हें जमानत नहीं दे रहा है।

## ये कोई राजनीतिक एफआईआर नहीं है: केदार कश्यप

**रायपुर, 19 मार्च।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप को लेकर हुई एफआईआर को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के समय में ही मामले की जांच शुरू हुई थी. कानूनी मामला है जो सत्य है वो बाहर आए. यदि दोष हो तो उन पर कार्रवाई हो. आज भी महादेव एप को लेकर गूगल में सर्च करेंगे तो उसमें उनका नाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है. यदि वो दोष मुक्त हैं तो उनको कानूनी तरीके से बात करनी चाहिए. ये बिलकुल राजनीतिक एफआईआर नहीं है. बीजेपी इस तरह से कोई कृत्य नहीं करती है. छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई में हेरफेर हुआ है. उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री के नाते अपनी सत्यता जनता के सामने लानी चाहिए.

पहले चरण में बस्तर लोकसभा के होने वाले चुनाव को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में 20 तारीख से मुख्यमंत्री का प्रवास शुरू होगा जो होली तक चलेगा. सभी विधानसभा में जाने की तारीख तय हो रही है. उसके बाद प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री सहित पार्टी के बड़े नेताओं के आने की भी संभावना है. पिछली बार कांग्रेस धोखे से बस्तर लोकसभा जीती थी. लेकिन इस बार वहां के लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है. विधानसभा में जो आशीर्वाद बस्तर में मिला ठीक वैसा ही आशीर्वाद लोकसभा में भी मिलेगा.

कांग्रेस नेताओं के लगातार पार्टी छोड़ने पर मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कई विधायक और पूर्व विधायक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं. लगातार उनके परिवार में गुटबाजी बढ़ रही है. वो चाहते हैं अच्छे नेता और पार्टी के संपर्क में आएं. डूबती हुई नैया में कोई भी नहीं चढ़ना चाहता. इसलिए वहां से सब छोड़कर जा रहे हैं. जो भी बीजेपी में आना चाहता है पार्टी का दरवाजा हमेशा खुला है सबका स्वागत है.

कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पा रही है इसे लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कितनी बार सर्वे कराएगी. 400 से ज़्यादा सीट बीजेपी की आएगी. मुझे लगता है कांग्रेस के पास राज्यसभा सांसद के लिए नेता नहीं थे. उसी तरह लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उनके पास कोई नेता नहीं होगा. इसलिए नाम ढूंढ़ रहे हैं कि बलि का बकरा किसे बनाया जाए.

## विकास उपाध्याय को जिताने का संकल्प




**रायपुर 19 मार्च।** भाटापारा विधानसभा की मीटिंग में लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा विधायक इंद्र साहब विधानसभा प्रभारी प्रमोद तिवारी सतीश अग्रवाल सेवा दल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार जिला पंचायत सदस्य अभिनव यादव रमेश ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल प्रशांत गांधी अमित शर्मा बंटी बसंत भृगु कुबेर यदि रमेश यादव आदि अनेक ऑन कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित से सभी ने एक स्वर में विकास उपाध्याय को बहुमत से जीतने का संकल्प लिया।

### तेज गरज-चमक के साथ पड़ेंगी बौछारें



**रायपुर, 19 मार्च।** मौसम विभाग ने आज शाम-रात तक फिर से रायपुर सहित बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा जैसे इलाकों में तेज गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने, ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि 19 से 20 मार्च तक छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ, झारखंड और मध्यप्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, एक ट्रफरेखा विदर्भ से उत्तरी केरल तक मराठवाड़ा और कर्नाटक होते हुए गुजर रही है. वहीं एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ को पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर, लगभग 68 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में देखा जाता है. इसके अलावा 20 मार्च की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। हालांकि बीच-बीच में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहेंगे।

### माननीयों के शासकीय विश्रामगृह में रुकने पर लगी पाबंदी

**रायपुर, 19 मार्च** । चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम की घोषणा पश्चात जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल द्वारा आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति तक कोई भी राजनीतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि, शासकीय अथवा अर्ध शासकीय विश्राम गृह/उच्च विश्राम गृह आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनीतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते है और न ही वहां पर राजनीतिक गतिविधियां कर सकेंगे।

## 5 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे : केदार गुप्ता

**रायपुर 19 मार्च।** भाजपा-कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं. मध्य प्रदेश में भाजपा ने प्रदेश की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है. जबकि कांग्रेस ने अब तक केवल 5 सीटों पर ही प्रत्याशी घोषित किए हैं. दूसरी लिस्ट में बची हुई 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं. दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक है, जिसमें प्रत्याशियों के नाम पर फाइनल मुहर लग सकती है. जिसके बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी हो सकती है. इस बीच बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा लोकसभा प्रत्याशियों के चयन पर देरी को लेकर तंज कसते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया हैं.

**प्रदेश की 11 में से 11 सीटों पर बीजेपी दर्ज करेगी जीत :** बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा- ' वे कहते हैं कि कांग्रेस सबसे पुरानी पार्टी है, यह दुर्भाग्य का विषय है कि 5 साल सत्ता में रहने के बाद लोकसभा के प्रत्याशी समझ में नहीं आ रहे है या मिल नहीं रहे है. या तो वे किसी को उतारना नहीं चाह रहे है. कोंग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्याशियों की घोषणा का इंतज़ार कर रहे है और दिल्ली के चक्कर लगा रहे है कि मेरी वापसी कर लो. इस दौरान उन्होंने दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 में से 11 सीटों पर बीजेपी जीत दर्ज करेगी. क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी का सुशासन सबको भरोसे का लग रहा है.

### 'छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे'



छत्तीसगढ़ में सभी मंत्रीयों के आवास के बाहर छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगाने पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने इसे एक अनुभूति बताया. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा भारत माता कि बात करती है. हमने भारत को कभी भी भूमि का टुकड़ा नहीं माना, हमने भारत को हमेशा माता के रूप में माना है. वहीं छत्तीसगढ़ महतारी की कल्पना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने की है. हम छत्तीसगढ़ की भूमि को छत्तीसगढ़ महतारी मानते है. 'छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे' यह हमारा नारा है.

**विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को मिले सिर्फ 6 हजार करोड़ :** इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कांग्रेस की 5 संभागो में प्रेसवार्ता पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि सीधा गणित है, इनके पास दो नंबर का काला धन है. राजनीतिक पार्टियों को चंदा दिया जाता है जिसका कोई हिसाब किताब नहीं रहता था. भारतीय जनता पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड इसलिए लाया ताकि काले धन का दुरुपयोग रुक जाए. यह साफ हो चुका है कि इसमें भारतीय जनता पार्टी को 6 हजार करोड़ मिले. जबकि पूरे विपक्षी दलों को 14 हजार करोड़ रूपये मिले. केदार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस अपने संभाग की बैठक में जरूर इसका उल्लेख करें कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है. उसको सिर्फ 6 हजार करोड़ मिलते हैं और विपक्ष को 14 हजार करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड मिलते हैं. मेरा सवाल है कि क्या कभी किसी ने इतनी सफाई के साथ राजनीतिक चंदे का हिसाब रखा है? यह भारत में ऐसी पहली घटना है जब इसका हिसाब सामने आ रहा है.

**बृहस्पति सिंह की कांग्रेस में वापसी पर ली चुटकी :** बृहस्पति सिंह की कांग्रेस में वापसी होने के विरोध पर केदार गुप्ता ने चुटकी लेते हुए कहा कि बृहस्पति सिंह और टीएस सिंहदेव का मामला कांग्रेस में सर्वविदित है. दोनों एक दूसरे के दुश्मन है. एक ने उनको बाहर निकाला और दूसरा अंदर लाना चाहता है. कांग्रेस में भी यही चल रहा है लोकसभा के प्रत्याशी घोषित नहीं हो रहे हैं. कांग्रेस में अंदरूनी खाई गहरा चुकी है, उनमें घबराहट और बेचैनी है. कुछ लोग भाग रहे हैं, तो कुछ पुरानों को पार्टी में वापस लेने से डर रहे है कि कहीं विस्फोट ना हो जाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास बचा कुछ नहीं है और उनके कार्यकर्ता भाजपा में आ रहे हैं. मैं सभी का भाजपा में स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं.

**कांग्रेस में सही बात कहने पर पार्टी से निष्कासित कर दिया जाता है:** राजनांदगांव की सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने कांग्रेस नेता और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ के बयान पर केदार गुप्ता ने कहा कि वह 5 साल तक पूर्व सीएम भूपेश के सामने नहीं पहुंच पाए. अब उन्हें जवाब देना चाहिए. कोई कार्यकर्ता अगर बात रखता है तो उसे सुनना चाहिए. उन्होंने निष्कासित करने की बात भी कही, यह कैसी व्यवस्था है. क्या कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं का ऐसा स्वागत होता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26